दैनिक हिन्दी अख़बार

# सच बेधड़क

वर्ष: 2 | अंक: 266 | जयपुर, मंगलवार, 05 सितंबर, 2023 | भाद्रपद, शुक्ल पक्ष- षष्ठी, विसं 2080 | पृष्ठ: 10 | मूल्य: 2.00

www.sachbedhadak.com | twitter.com/sachbedhadak | facebook.com/sachbedhadak | YouTube: youtube.com/@sachbedhadak | Instagram: instagram.com/sach_bedhadak

**उपराष्ट्रपति का छात्राओं से संवाद:** मजबूत भारत को क्यों कुछ लोग 'मजबूर भारत' दिखाना चाहते हैं!

## पुरुषों की नकल मत कीजिए, वे आपसे श्रेष्ठ नहीं हैं: धनखड़

**बेधड़क** | जयपुर

उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने कहा कि वो दिन दूर नहीं जब संविधान में संशोधन करके संसद और विधानसभाओं में महिलाओं को उनका उचित प्रतिनिधित्व दिया जाएगा। यदि महिलाओं को ये आरक्षण जल्दी मिल गया तो भारत 2047 से पहले ही विश्व शक्ति बन जाएगा।

उन्होंने कहा कि महिलाओं के लिए आसमान ही सीमा है, वे हर क्षेत्र में- प्रशासन, सेना, कॉर्पोरेट में सफलता के नए प्रतिमान स्थापित कर रही हैं। उन्होंने कहा कि अपने निर्णय स्वयं लें और आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनें। पुरुषों की नकल मत कीजिए, वे आपसे श्रेष्ठ नहीं हैं। धनखड़ ने सोमवार को यहां महारानी कॉलेज की छात्राओं के साथ "राष्ट्र निर्माण में महिलाओं की भागीदारी" विषय पर संवाद में महिला शिक्षा पर बल देते हुए कहा कि लड़के को पढ़ाने से एक परिवार ही तरक्की करता है, जबकि एक लड़की को पढ़ाने से कई परिवार शिक्षित होते हैं। उन्होंने छात्राओं से प्रश्न किया कि ऐसे 'मजबूत भारत' को क्यों कुछ लोग 'मजबूर भारत' दिखाना चाहते हैं?



### छात्राओं को दिए सफलता के तीन मंत्र

धनखड़ ने छात्राओं को तीन मंत्र दिए। पहला, कभी टेंशन मत लीजिए। दूसरा, असफलता से कभी मत डरिए और तीसरा यह कि आपके दिमाग में कोई अच्छा विचार आए तो उसे केवल दिमाग में मत रखे रखिए, बल्कि लागू करिए। उपराष्ट्रपति ने युवाओं से अति-प्रतिस्पर्धा में नहीं पड़ने की अपील करते हुए कहा कि उन्हें अपनी रुचि के अनुसार कॅरिअर का चुनाव करना चाहिए।

**सुरक्षित माहौल देने में समाज की भूमिका:** धनखड़ ने कहा कि यह केवल सरकारी तंत्र का ही काम नहीं है, बल्कि महिलाओं के लिए सुरक्षित वातावरण तैयार करने में समाज, व्यक्ति और संस्थानों को मिलकर प्रयास करने होंगे। हर सक्षम व्यक्ति यह निश्चय करे कि मैं इस विषय पर अपना योगदान करूंगा। असामाजिक तत्वों से सख्ती से निपटने पर बल देते हुए उन्होंने खुशी व्यक्त की कि हम अंग्रेजों की बनाई दंड संहिता को बदल रहे हैं।

**महिलाओं के योगदान के बिना प्रगति नहीं:** उपराष्ट्रपति ने कहा कि मेरे जीवन में एक ही ताकत है, मेरी नानी, दादी, मेरी मां और मेरी धर्मपत्नी। पांच दशक के सार्वजनिक जीवन मे अनेक उतार-चढ़ाव आए, लेकिन ये महिलाएं मेरे पीछे चट्टान के समान अडिग खड़ी रहीं। महिलाओं की प्रगति में रुकावट पैदा करने के अनेक प्रयास हुए हैं, लेकिन अब समाज का दृष्टिकोण बदल रहा है। साल 2019 में पहली बार लोकसभा में 78 महिला सांसद निर्वाचित होकर आई हैं। विश्व महिलाओं के योगदान के बिना प्रगति नहीं कर सकता।




## केजरीवाल ने मोदी पर साधा निशाना, दी सात गारंटियां

**बेधड़क** | जयपुर

प्रदेश में विधानसभा चुनावों से पहले रविवार को 'आप' के राष्ट्रीय संयोजक एवं दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने सोमवार को जयपुर में टाउन हॉल कार्यक्रम में गारंटी कार्ड लॉन्च किया।

सात गारंटियां दी गईं। उन्होंने कहा कि हम फ्री बिजली देंगे। प्राइवेट स्कूलों की लूट बंद करने के अलावा आपके बच्चों की जिम्मेदारी मेरी होगी। प्रदेश में अस्थाई टीचर्स को स्थाई करेंगे। शिक्षकों से टीचिंग के अलावा कोई काम नहीं कराएंगे। हर परिवार का अच्छा इलाज कराने की गारंटी हमारी होगी।

कार्यक्रम में केजरीवाल और मान ने मोदी पर जमकर निशाना साधा। इंडिया गठबंधन के चलते दोनों ही नेता कांग्रेस पर कम, मगर मोदी सरकार पर अधिक हमलावर नजर आए।

### जरूरी खबर

### अशोक नगर के एसीपी एपीओ, एसएचओ सस्पेंड



**जयपुर**। जयपुर कमिश्नरेट के एसीपी अशोक नगर को एपीओ और एसएचओ को सस्पेंड किया गया है। पुलिस मुख्यालय की विजिलेंस शाखा की रिपोर्ट के बाद डीजीपी उमेश मिश्रा ने एसीपी अशोक नगर राजेंद्र रावत को एपीओ और थानाप्रभारी राजवीर सिंह को सस्पेंड करने के आदेश जारी किए। जानकारी के अनुसार अशोक नगर थाना इलाके में रात को क्लब, बार और पब लगातार संचालित हो रहे थे। इसकी शिकायत पर विजिलेंस आईजी परम ज्योति की जांच रिपोर्ट के बाद यह कार्रवाई की गई।

### सीकर में नीट की तैयारी कर रहे छात्र ने की खुदकुशी

**जयपुर**। अब सीकर में नीट की तैयारी कर रहे छात्र के खुदकुशी करने का मामला समाने आया है। मृतक सीकर के उद्योग नगर में स्थित एलन कोचिंग में पढ़ रहा था। करौली जिले के रायसन का रहने वाला कौशल मीणा (16) सीकर के वीर तेजाजी हॉस्टल में रह रहा था। सोमवार दोपहर वह कोचिंग से आया और कमरा बंद कर दिया। बाद में संचालक ने कमरे का दरवाजा तोड़ा तो वह पंखे से लटका मिला।

**गहलोत ने फिर उठाया ईआरसीपी का मुद्दा:** केंद्र पर बरसे

## हमारी जिद... ERCP को उतारेंगे धरातल पर: CM

### गजेंद्र सिंह योजना में लगा रहे अड़ंगे, केंद्र लड़ा रहा एमपी-राजस्थान को कहा... 6 को खरगे के समक्ष करूंगा पशुपालकों के लिए बड़ी घोषणा

**बेधड़क** | जयपुर

सीएम गहलोत ने केंद्र सरकार पर बरसते हुए कहा कि केंद्र सरकार ईआरसीपी को बंद करना चाहती है, लेकिन हमारी जिद है कि यह परियोजना धरातल पर अवश्य उतरेगी। राजस्थान से आने वाले केंद्रीय जल शक्ति मंत्री गजेंद्र सिंह योजना में सहयोग करने की बजाय अड़ंगा लगा रहे हैं। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत सोमवार को गंगापुर सिटी के हायर सेकेंडरी स्कूल के खेल मैदान में जिला स्तरीय राजीव गांधी ग्रामीण एवं शहरी ओलिंपिक खेलों का अवलोकन के बाद जनसभा को संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि साल 2005 में सीएम वसुंधरा और एमपी के शिवराज सिंह ने समझौता किया था। अब केंद्र सरकार राजस्थान और मध्यप्रदेश को आपस में लड़ाना चाहती है। इस योजना से प्रदेश के 13 जिले लाभान्वित होंगे, लेकिन मोदी अपना वादा कर भूल गए।



### अमीर और गरीबों के बीच बढ़ती जा रही है खाई

सीएम गहलोत ने कहा कि भाजपा की नीतियों के कारण अमीर-गरीब के बीच खाई बढ़ती जा रही हैं। गरीब-गरीब ही रह जाता है और अमीर और अमीर होता जा रहा है। महंगाई को देखते हुए कांग्रेस राज्य में 500 रुपए में गैस सिलेंडर दे रही है। अब हमारी योजनाओं के दबाव के चलते केंद्र सरकार ने सिलेंडर पर 200 रुपए कम किए हैं। मैं कहना चाहूंगा कि जब हम 500 रुपए में सिलेंडर दे सकते हैं तो केंद्र सरकार पूरे देश में क्यों नहीं दे सकती? पिछली सरकार ने हमारी सरकार की योजनाओं को बंद किया। 38 हजार करोड़ की रिफाइनरी को बंद किया। ईआरसीपी भाजपा की योजना थी, हमने बंद नहीं किया, बल्कि आगे बढ़ाया।

**मैं देते-देते नहीं थकूंगा...** गहलोत ने कहा कि प्रदेश के विधायक उनसे मांगते-मांगते थक जाएंगे, लेकिन वे देते-देते नहीं थकेंगे। मैंने किसी काम का मना नहीं किया। मामला चाहे शिक्षा का हो या स्वास्थ्य का। उन्होंने कहा कि शिक्षा, स्वास्थ्य, बिजली सुविधा में कोई कमी नहीं आने दी जाएगी। अब उन्होंने घोषणाएं करनी बंद कर दीं, गारंटी देना शुरू कर दिया है।

**भाजपा कर रही धर्म के नाम पर राजनीति:** सीएम गहलोत ने कहा कि भाजपा वाले गोमाता ही नहीं, धर्म के नाम पर भी राजनीति कर रहे हैं, लेकिन असली गोसेवा हम कर रहे हैं। पूर्ववर्ती सरकारों ने गोमाता पर केवल 500 करोड़ रुपए खर्च किए, लेकिन हमने गोमाता के लिए न केवल आयोग बनाया, बल्कि 3 हजार करोड़ रुपए भी दिए। इसके अलावा पशुपालन बीमा शुरू किया है साथ ही इससे पूर्व प्रदेश में लंपी वायरस से मृत गोवंश के गोपालक को 40 हजार मुआवजा दिया। अब प्रदेश में गाय-भैंस आदि पशुओं का बीमा हर पशुपालक करवा सकेगा और इसके लिए पशुपालकों को कुछ नहीं करना पड़ेगा।

**बालाघाट को घोषित किया तहसील**

उन्होंने कहा कि पशुपालकों को 5 रुपए प्रति लीटर दूध का अनुदान दिया जा रहा है, लेकिन इससे पहले की सरकार ने इसे बंद कर दिया था। 6 सितंबर को पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे के सामने घोषणा करूंगा कि प्रत्येक परिवार के 2 पशुओं का 40 हजार का बीमा होगा। वहीं, सीएम गहलोत ने मंच से ही टोडाभीम विधायक पीआर मीणा की मांग पर बालाघाट को तहसील बनाने की घोषणा की।

**भाजपा की परिवर्तन यात्रा का तीसरा चरण**

## सनातन धर्म न लड़ाता है, ना किसी को बांटता है: राजनाथ सिंह

### सनातन पर टिप्पणी को लेकर कांग्रेस की चुप्पी पर उठाया सवाल

**बेधड़क** | जयपुर

प्रदेश में भाजपा की परिवर्तन यात्रा के तीसरे चरण की शुरुआत केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह सोमवार को रामदेवरा से की। इस अवसर पर उन्होंने जनसभा को संबोधित करते हुए केंद्र की 9 साल की मोदी सरकार की उपलब्धियों को गिनाया और डीएमके की सनातन पर टिप्पणी को लेकर कांग्रेस की चुप्पी पर भी सवाल खड़े किए।

उन्होंने कहा कि तमिलनाडु के सीएम के बेटे उदयनिधि ने सनातन धर्म पर हमला किया है और कांग्रेस इस पर चुप है। मैं सीएम गहलोत से पूछना चाहता हूं उन्होंने कुछ क्यों नहीं कहा? सनातन धर्म को चोट पहुंचाई जा रही है, इनके गठबंधन के डीएमके के लोग सनातन धर्म के खिलाफ बोलते हैं। मैं सीएम गहलोत से, सोनिया गांधी, राहुल गांधी, खरगे से पूछना चाहूंगा कि ये लोग ऐसे लोगों को क्यों नहीं रोकते? सनातन धर्म केवल पूजा पद्धति नहीं है। सनातन नित नूतन है, चिर पुरातन है। न इसका कोई जन्म है ना ही इसका अंत है। सनातन धर्म न किसी को लड़ाता है, न किसी को बांटता है। इसका उद्देश्य 'वसुधैव कुटुबंकम' है। गहलोत जिस गाड़ी की ड्राइवर सीट पर बैठे हैं, उसका क्लच और एक्सीलेटर कोई और दबा रहा है।



### राहुलयान न कभी प्रक्षेपित हुआ, ना लैंड

सिंह ने कहा कि कांग्रेस के लोगों ने पीएम मोदी को रोकने के लिए 28 दलों का एक गठबंधन बनाया है। इनके गठबंधन के नाम बड़े और दर्शन छोटे हैं। राहुल गांधी पर तंज कसते हुए सिंह ने कहा कि चंद्रयान सफलतापूर्वक लैंड कर गया, लेकिन राहुलयान न कभी प्रक्षेपित हुआ और न ही कभी लैंड हुआ है।

VIDYASTHALI
LAW COLLEGE
Affiliated to Dr. Bhim Rao Ambedkar Law University, Jaipur
Approved by Bar Council of India, New Delhi and Permanent NOC Granted by Govt. of Rajasthan
THE JOURNEY OF YOUR CAREER BEGINS FROM VIDYASTHALI

Admission Open
Five Year Course
B.A., LL.B.
3 Year Course LL.B.
2 Year Course LL.M.
SALIENT FEATURES
- Exclusive Building for Law College
- Fully Equipped Computer Lab
- Unique & Permanent Moot Court
- Experienced & Highly Qualified Faculty
- Well Stocked Library
- Online Supreme Court & Various High Courts
- Auditorium & Seminar Room
Prithviraj Nagar, Maharani Farm, Durgapura, Jaipur, Tel.: 0141-2763165/66
Mob.: 9116622924 / 25, Website : www.vidyasthalilawcollege.com

**विक्रम लैंडर का करिश्मा**

## विक्रम उड़ा, लैंड हुआ... झूमे वैज्ञानिक

**एजेंसी** | नई दिल्ली

चांद पर हमारे लैंडर विक्रम ने एक और ऐसा करिश्मा किया कि इसरो के वैज्ञानिक झूम उठे। दरअसल, विक्रम लैंडर ने किसी हेलिकॉप्टर की तरह चांद पर उड़ते हुए एक बार फिर सॉफ्ट लैंडिंग की। इसरो ने सोमवार को वीडियो शेयर किया, जिसमें विक्रम चांद की सतह से उड़ता और कुछ दूरी पर जाकर फिर से लैंड करता दिखाई देता है।

चंद्रयान-3 मिशन पर ताजा अपडेट देते हुए इसरो ने बताया है कि विक्रम लैंडर ने अपने मिशन उद्देश्यों को पूरा कर लिया। यह एक प्रयोग था। इसरो ने कमांड दिया और विक्रम के इंजन चालू हो गए। उम्मीद के मुताबिक विक्रम करीब 40 सेमी ऊपर उठा और 30 से 40 सेमी की दूरी पर जाकर सुरक्षित रूप से उतरा।

महत्वपूर्ण बात यह है कि इस एक्सपेरिमेंट के आधार पर इसरो अब आगे के मिशनों में चांद से धरती पर वापस यान को ला सकेगा। फिलहाल, यह टेस्ट सफल रहा और इससे वैज्ञानिक काफी खुश हैं।

### दोबारा सॉफ्ट लैंडिंग का वीडियो बनाकर इसरो ने साझा की तस्वीरें... लैंडर और रोवर की कंडीशन से खुश




### इसरो ने बताया इस प्रयोग का महत्व

इसरो ने 'एक्स' पर बताया कि इस प्रयोग का महत्व क्या है। यह भविष्य में चांद से नमूना इकट्ठा कर भारत लाने और मानव मिशन के लिहाज से महत्वपूर्ण है और वैज्ञानिक समुदाय इससे उत्साहित है। हमारा लैंडर एक प्रयोग से सफलतापूर्वक गुजरा। इससे पता चला कि विक्रम की प्रणालियां ठीक तरह से काम कर रही हैं और वे ठीक हालत में हैं। लैंडर के रैंप और उपकरणों को बंद किया गया और प्रयोग के बाद फिर से सफलतापूर्वक तैनात किया गया। इस प्रक्रिया से भविष्य में 'सैंपल' वापसी और चंद्रमा पर मानव मिशन को लेकर आशाएं बलवती हुई हैं।

**अब रोवर और लैंडर सो गए चंदामामा पर:** इस प्रयोग के बाद चंद्रयान के रोवर और लैंडर स्लीप मोड में चले गए । जी हां, अपने रोवर 'प्रज्ञान' ने चंद्रमा की सतह पर काम पूरा कर लिया है। चंद्रमा पर रात होने के कारण उन्हें स्लीप मोड में डाला गया है। इसे सुरक्षित रूप से 'पार्क' किया गया है। अच्छी बात यह है कि रोवर की बैटरी पूरी तरह से चार्ज है और उसका सोलर पैनल 22 सितंबर 2023 को चंद्रमा पर होने वाले अगले सूर्योदय पर प्रकाश से एनर्जी लेने की स्थिति में है। इसरो को उम्मीद है कि अपने मिशन के दूसरे चरण के लिए रोवर फिर उठ खड़ा होगा। अगर ऐसा नहीं हुआ तो रोवर और लैंडर भारत के मून एंबेसडर के तौर पर वहीं रहेंगे।

## जरूरी खबर

### एमनेस्टी योजनाओं की अंतिम तिथि 31 दिसंबर तक बढ़ाई



**जयपुर।** राज्य सरकार ने राजस्व बकायों के पुराने प्रकरणों के शीघ्र समाधान और हितधारकों को राहत देने के लिए एमनेस्टी योजनाओं की अंतिम तिथि बढ़ाई है। अब 31 दिसंबर 2023 तक बकाया राशि जमा कराने पर नियमानुसार ब्याज व पैनल्टी में छूट मिलती रहेगी। इससे राज्य सरकार के राजस्व में भी वृद्धि होगी। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने समस्त हितधारकों के व्यापक हितों के दृष्टिगत एमनेस्टी योजनाओं की अवधि बढ़ाने के प्रस्ताव को मंजूरी दी है।

### धरियावद प्रकरण में महिला आयोग ने लिया अपडेट

**जयपुर।** महिला आयोग ने धरियावद प्रकरण में पुलिस की त्वरित कार्रवाई के लिए प्रशंसा की है। प्रतापगढ़ में महिला को निर्वस्त्र कर घुमाने के मामले की जांच करने महिला आयोग की टीम पहुंची। गौरतलब है कि राष्ट्रीय महिला आयोग ने घटना पर स्वतः संज्ञान लेते हुए एक जांच समिति का गठन किया गया था। इस समिति के अध्यक्ष के रूप में राष्ट्रीय महिला आयोग की सदस्य डेलिना खोंगडुप और काउंसलर शालिनी सिंह की एक टीम प्रतापगढ़ पहुंची। टीम ने जिला कलेक्टर इंद्रजीत यादव व पुलिस अधीक्षक अमित कुमार सहित अधिकारियों के साथ बैठक कर मामले की अपडेट ली। पीडिता अब भय मुक्त है और पेरेंट्स के साथ रहती है।

### शिकायत समिति अध्यक्ष-सदस्यों के लिए मांगे आवेदन

महिला एवं बाल विकास विभाग

**जयपुर।** महिला एवं बाल विकास विभाग की ओर से महिलाओं का कार्यस्थल पर लैंगिक उत्पीड़न (निवारण, प्रतिषेध एवं प्रतितोष) अधिनियम 2013 के तहत जिला कलेक्टर प्रकाश राजपुरोहित ने स्थानीय शिकायत समिति के अध्यक्ष एवं सदस्यों के पदों के लिए आवेदन आमंत्रित करने के निर्देश जारी किए हैं। सदस्य सचिव, स्थानीय शिकायत समिति एवं उपनिदेशक महिला अधिकारिता राजेश डोगीवाल ने बताया कि इच्छुक एवं पात्र आवेदक तय प्रारूप में अपना आवेदन 29 सितम्बर तक कलेक्ट्रेट के कमरा नंबर 206 में प्रस्तुत कर सकते हैं।

**दिल्ली के सीएम केजरीवाल ने प्रदेश की जनता को** सात गारंटियां दी और केन्द्र पर साधा निशाना

# वन नेशन-वन एजुकेशन हो लागू, युवाओं को मिलेगा रोजगार

**बेधड़क** | जयपुर

विधानसभा चुनाव जैसे-जैसे नजदीक आ रहे हैं राजनीतिक दलों के पदाधिकारयों का राजस्थान में आने का सिलसिला तेज हो गया है। इसी क्रम में सोमवार को आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल और पंजाब के मुख्यमंत्री सरदार भगवंत मान जयपुर आए।

यहां उन्होंने राजस्थान की जनता को 7 गारंटियां देने के अलावा केंद्र की भाजपा सरकार पर जमकर निशाना साधा। केजरीवाल ने पीएम मोदी पर निशाना साधते हुए कहा कि बीजेपी शासित केंद्र सरकार 'वन नेशन, वन इलेक्शन' की बात कर रही है। जबकि हमारा कहना है कि देश में वन नेशन, वन एजुकेशन लागू होना चाहिए। इससे देश के किसानों के बच्चे भी उद्योगपतियों के बच्चों के बराबर अच्छी शिक्षा हासिल कर सकें। उन्होंने कहा राजस्थान में उनकी सरकार आते ही प्राइवेट स्कूलों की लूट को बंद करने का काम किया जाएगा।

दिल्ली की तर्ज पर राजस्थान में भी सरकारी स्कूलों को शानदार बनाएंगे और इन स्कूलों में जितने भी अस्थाई टीचर हैं, उन्हें स्थाई किया जाएगा।




**देश में वन नेशन, 20 इलेक्शन हों**

केजरीवाल ने मोदी सरकार से मांग करते हुए कहा कि देश में वन नेशन, 20 इलेक्शन होने चाहिए। हर 3 से 4 महीने बाद चुनाव होंगे तो सरकारें जनता के किए कुछ न कुछ काम फिर भी करती रहेंगी वरना ये पार्टियां जनता की सुध भी नहीं लेंगी। केजरीवाल ने कहा कि इन लोगों ने वन नेशन, वन दोस्त का भी नारा दिया, जहां 140 करोड़ लोगों को छोड़कर केंद्र सिर्फ एक आदमी के लिए काम करती है।

#### 24 घंटे मुफ्त मिलेगी बिजली

केजरीवाल ने कहा कि आज राजस्थान में बिजली कम आती है पावर कट ज्यादा लगते हैं। हम वादा करते हैं कि सरकार में आते ही राजस्थान की जनता को 24 घंटे बिजली देंगे और वो भी मुफ्त। हम आपको स्वास्थ्य की गारंटी भी देने आए हैं, जहां हर परिवार को अच्छा और फ्री इलाज करवाने की गारंटी होगी। 'आप' करप्शन रोककर वही पैसा जनता के लिए इस्तेमाल करेगी। राजस्थान पुलिस या फिर राजस्थान्र निवासी कोई सैनिक अगर सीमा पर शहीद होगा तो उसे 1 करोड़ रुपए सम्मान राशि मिलेगी। साथ ही 18 वर्ष से ऊपर की हर युवती को 1 हजार रुपए भी दिए जाएंगे।

#### हॉस्टल पर भी GST लगाने की तैयारी: मान

पंजाब के मुख्यमंत्री सरदार भगवंत मान ने कहा कि केंद्र सरकार हॉस्टल पर भी जीएसटी लगाने की तैयारी कर रही है। जो लोग कभी हॉस्टल में रहे ही नहीं उनको क्या पता कि हॉस्टल और पढ़ाई का खर्चा गरीब घर के लोग कैसे उठाते हैं।

**'किया काम दिल से-कांग्रेस फिर से'** के साथ जाएंगे जनता के बीच

# रंधावा ने लिया फीडबैक, वार रूम में दावेदारों से रायशुमारी

■ विधायक रफीक के खिलाफ मोर्चा खोला, आदर्श नगर से न दे टिकट

**बेधड़क** | जयपुर

प्रदेश कांग्रेस प्रभारी सुखजिंदर सिंह रंधावा सोमवार को पीसीसी वॉर रूम में पहुंचे। जहां पर उन्होंने कांग्रेस कार्यकर्ताओं और नेताओं से मुलाकात की। इस दौरान उनसे मिलने बड़ी संख्या में टिकटों के दावेदार भी पंहुचे। वॉर रूम में उनसे रंधावा ने फीडबैक लिया। बताया जा रहा है कि सत्ताधारी पार्टी कांग्रेस पार्टी टिकट देने के लिए विधानसभा वार पैनल बना रही है। इसके लिए पूरी तैयारी चल रही है। सूत्रों की मानें तो हर विधानसभा सीट जल्द ही नाम फाइनल होने की संभावना हैं।

इसके लिए पार्टी ने पूरी रणनीति तैयार कर ली है। उसी कवायद को अंतिम रूप देने के लिए रंधावा फीडबैक ले रहे हैं। माना जा रहा है कि सितंबर माह में ही कांग्रेस टिकट की घोषणा हो सकती हैं।



उसके लिए पूरी तैयारी की जा रही हैं। रंधावा आलाकमान को जाकर दावेदारों व नेताओं से लिए गए फीडबैक की रिपोर्ट आलाकमान को सौपेंगे। कांग्रेस में एक बार फिर आपसी गुटबाजी देखने को नजर आ रही हैं।

स्थानीय लोगों व कांग्रेस में टिकिट की दावेदारी जता रहे कार्यकर्ताओं ने रफीक खान के खिलाफ सोमवार को स्थानीय लोगों ने जमकर नारेबाजी की और उनको टिकट नहीं देने की मांग रखी। इससे पहले भी वॉर रूम के बाहर आदर्श नगर विधानसभा से टिकट मांगने आए पार्षद उम्रदराज ने विधायक रफीक खान के खिलाफ मोर्चा खोल दिया था। टिकट मांगने के साथ ही उन्होंने कहा कि था कि कांग्रेस चाहे जिसे भी टिकट दे, लेकिन अगर रफीक खान को टिकट दिया जाता है तो वो उन्हें मंजूर नहीं हैं। उन्होंने कहा कि रफीक खान आदर्श नगर के स्थानीय नहीं हैं।

ऐसे में अबकी पार्टी को किसी अन्य प्रत्याशी को मैदान में उतारना चाहिए। अब स्थानीय लोगों की मांग है कि आदर्श नगर के ढाई लाख वोटर्स में से यहां के स्थानीय को टिकिट दिया जाना चाहिए। स्थानीय को मौका मिलना चाहिए।

#### सरकार के कार्यों पर पूरा भरोसा

एआईसीसी के चल रहे लीडरशिप डेवलपमेंट मिशन में एससी-एसटी, ओबीसी और माइनॉरिटी बाहुल्य वाले विधानसभा क्षेत्रों में एससी-एसटी, माइनॉरिटी और ओबीसी के लीडर्स को डवलप करने को लेकर कार्यक्रम चल रहा है। सोमवार को अजमेर में विभाग में यह कार्यक्रम हुआ। राष्ट्रीय समन्वयक के. राजू ने बताया कि कांग्रेस के लीडरशिप डेवलपमेंट प्रोग्राम का उद्देश्य ऐसे नेता तैयार करना है, जो टिकट मांगने की बजाय जनता के बीच जाकर जनता का काम करें और जनता का भरोसा जीते। कांग्रेस सरकार की ओर से प्रदेश में कराए गए विकास कार्यों पर हमें पूरा भरोसा है। इसलिए कार्यकर्ता 'किया काम दिल से, कांग्रेस फिर से' नारे के साथ जनता के बीच जाएंगे। राजू ने कहा कि अब तक लगभग 59 विधानसभा क्षेत्र में यह कार्यक्रम हो चुका है। इसका मुख्य उद्देश्य होगा की सभी विधानसभा क्षेत्रों में कैसे कांग्रेस जीत हासिल करें इस पर मंथन करना हैं।

#### खरगे के दौरे पर कमेटी का गठन

कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे छह सितम्बर को भीलवाड़ा जिले के प्रवास पर रहेंगे। राष्ट्रीय अध्यक्ष के दौरे और गुलाबपुरा में आयोजित जनसभा के लिए प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने तैयारियां शुरू कर दी है। प्रदेश कांग्रेस के संगठन महासचिव ललित तूनवाल ने जनसभा की व्यवस्थाओं के समन्वय के लिए प्रदेशाध्यक्ष गोविन्द सिंह डोटासरा के निर्देश पर तीन सदस्यीय कमेटी का गठन किया हैं। कमेटी में महासचिव रामसिंह कस्वां, जसवंत गुर्जर और स्वर्णिम चतुर्वेदी को शामिल किया गया हैं।

**दोपहर बाद** कामकाज ठप

# ACR पर टिप्पणी करने वाले सहायक आयुक्त के खिलाफ नारेबाजी

**बेधड़क** | जयपुर

स्टेट जीएसटी अर्थात वाणिज्यिक कर विभाग के झालाना संस्थानिक क्षेत्र में दो कर्मचारियों के वार्षिक कार्य मूल्यांकन (एसीआर) पर नकारात्मक टिप्पणी के बाद हंगामा हो गया।

एसजीएसटी के जयपुर जोन-1 की सहायक आयुक्त दिवा मेहता की ओर से की गई नकारात्मक टिप्पणी की जानकारी विभाग के मंत्रलायिक कर्मचारियों को मिलने के बाद कर्मचारियों में आक्रोश व्याप हो गया और दोपहर करीब डेढ़ बजे झालाना कार्यालय के हॉल में कर्मचारी दरी बिछा कर धरने पर बैठ गए। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार इसके बाद कर्मचारियों का एक प्रतिनिधि मण्डल सहायक आयुक्त दिवा मेहता से मुलाकात करने गया।

बाद में कर्मचारियों ने मेहता पर अशोभनीय व्यवहार करने का आरोप लगाया। इसके बाद कर्मचारी और आक्रोशित हो गए और उन्होंने झालाना कार्यालय परिसर में कामकाज रोक कर मेहता के खिलाफ जमकर नारेबाजी की।

# सहकारी समितियों को पंप डीलरशिप के नियम बदले

**बेधड़क** | जयपुर

ग्राम सेवा सहकारी समितियों में पेट्रोल पंप डीलरशिप के लिए पेट्रोलियम मंत्रालय ने नियमों में संशोधन किया है। समितियों की ओर से आवेदन करने पर पेट्रोल पंप आवंटन में आरक्षण निर्धारित किया गया है। इससे ग्राम सेवा सहकारी समितियों में पेट्रोल पम्प डीलरशिप की राह आसान हुई है। यह जानकारी रजिस्ट्रार सहकारिता मेघराज सिंह रतनू ने सोमवार को दी। उन्होंने कहा कि इच्छुक ग्राम सेवा सहकारी समितियां डीलरशिप के लिए ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से 27 सितम्बर तक आवेदन कर सकती हैं। राज्य की सभी समितियों को बहुउद्देशीय सेवा केन्द्रों में परिवर्तित किया जा रहा है।

**ऊंट की घटती संख्या** व ऊंट पालकों की स्थिति पर की चर्चा

# ऊटों के संरक्षण में आगे आए नई पीढ़ी

**बेधड़क** | जयपुर

राज्य के अधिकतर जिलों में वर्ष 2019 में ऊंटों की संख्या में कमी आई। नई पीढ़ी को ऊँटों के संरक्षण में अपनी भूमिका निभानी चाहिए। कैमल सफारी के जरिए टूरिज्म को बढ़ावा दिया जा सकता है। इससे ऊंटपालन को व्यवसाय के रूप में अपनाने में मदद मिल सकती है। ये बातें पशुपालन विभाग के प्रमुख शासन सचिव विकास एस. भाले ने राज्य पशु ऊंट की घटती हुई संख्या पर चिंता व्यक्त करते हुए कहीं।

उन्होंने कहा कि हमारी आर्थिक स्थिति पशुपालन पर निर्भर है। ऊंट हमारा राज्य पशु है और इनकी कम होती संख्या हमारे लिए चिंता का विषय है। उन्होंने कहा कि ऊंटों के संरक्षण के लिए कार्ययोजना तैयार की जाए।



बैठक में उन्होंने सभी प्रतिभागियों से विचार विमर्श के बाद कार्यवाही करने लायक कुछ निष्कर्ष बिंदु निकालें, जिस पर राज्य सरकार निर्णय ले सके। उन्होंने कहा कि दुग्ध उत्पादन में राजस्थान देश में पहले स्थान पर है अब हमें इसके प्रसंस्करण पर ध्यान देना है। दरअसल भाले की अध्यक्षता में सोमवार को पशुपालन विभाग के सभागार में राज्य पशु ऊंट की घटती संख्या एवं ऊंट पालकों की आर्थिक स्थिति के संबंध में बैठक का आयोजित हुई। इस अवसर पर पशुपालन विभाग के निदेशक डॉ. भवानी सिंह राठौड़ ने कहा कि राजस्थान की अर्थव्यवस्था में ऊँटों का विशेष स्थान रहा है लेकिन राजस्थान में वर्ष 1983 में ऊँटों की संख्या 7.56 लाख की तुलना में वर्ष 2019 में इनकी संख्या घटकर 2.13 लाख रह गयी। राजस्थान ही नहीं देश भर में ऊँटों की संख्या में 37 प्रतिशत की कमी आई है, जो बेहद चिंताजनक है। उन्होंने बताया कि ऊंटों की घटती संख्या और ऊंटपालकों की गिरती आर्थिक स्थिति के समाधान पर विचार विमर्श एवं मंथन के लिए विभाग द्वारा एक दिवसीय बैठक का आयोजन किया गया।

**जटिल प्रक्रिया के चलते** नहीं हो पा रहा चयन

# सामान्य शिक्षकों के बढ़ाए पुरस्कार संस्कृत के शिक्षक सम्मान से वंचित

**बेधड़क** | जयपुर

पिछले 4 सालों की तरह इस बार फिर शिक्षक द्विवस पर देववाणी संस्कृत शिक्षा के शिक्षकों को निराशा हाथ लगी। इस बार नवीन जिलों के गठन के बाद जिलों की संख्या जहां 33 से बढ़कर अब 50 हो गई है तो शिक्षा विभाग ने भी जिला स्तर पर एवं राज्य स्तर पर सम्मानित किए जाने वाले शिक्षकों की संख्या में भी बढ़ोतरी कर ली है जहां राज्य स्तर पर पूर्व में 99 शिक्षक सम्मानित हो रहे थे। अब उनके स्थान में पर इस बार 149 शिक्षकों की सूची जारी की गई है। इसी तरह 33 जिलों के स्थान पर अब 50 जिलों में भी 99 के स्थान पर कुल 15 शिक्षकों को जिला स्तर पर सम्मानित किया जाएगा।

राज्य स्तर पर चयनित हुए शिक्षकों की सूची पर नजर डालें तो एक भी संस्कृत शिक्षा विभाग के शिक्षक का चयन नही हुआ है और जिला स्तर पर भी संस्कृत शिक्षा विभागीय शिक्षकों के चयन की सूचना अप्राप्त ही है ऐसे में एक बार फिर संस्कृत शिक्षा विभाग के शिक्षकों को निराशा हाथ लगी है। गौरतलब है कि पूर्व में संस्कृत शिक्षा विभाग का पृथक से शिक्षकों का कोटा हुआ करता था। तदनुसार संस्कृत शिक्षा विभाग के अधिकारियों के द्वारा ही ग्राउंड असेसमेंट एवं आवेदक जांच संबंधी प्रक्रिया पूर्ण की जाती थी एवं सूची तैयार कर माध्यमिक शिक्षा बोर्ड बीकानेर को भिजवाई जाती थी।

2018 के बाद से संस्कृत शिक्षा विभाग का कोटा खत्म हो जाने के बाद संस्कृत शिक्षकों को भी ऑनलाइन आवेदन करना पड़ता है। प्रक्रिया जटिल एवं भेदभाव होने के कारण संस्कृत शिक्षा विभाग में शिक्षकों का चयन नहीं हो पता है।

**शिक्षा को सुदृढ़ करने में जुटे सीएम गहलोत**

# देवनारायण आवासीय स्कूल और हॉस्टल को स्वीकृति

**बेधड़क** | जयपुर

गुर्जर समाज के बच्चों को राहत देते हुए सीएम गहलोत ने शाहपुरा में देवनारायण बालक रेसिडेंशियल स्कूल और जालोर के चितलवाना में देवनारायण हॉस्टल का निर्माण की स्वीकृति दी है। नए ज़िले शाहपुरा में नवनिर्मित देवनारायण बालक आवासीय विद्यालय का संचालन शुरू होगा।

साथ ही जालोर के चितलवाना में 50 आवास क्षमता के देवनारायण छात्रावास का निर्माण कराया जाएगा। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने इसके प्रस्तावों को मंजूरी दी हैं। शाहपुरा में रेसिडेंशियल स्कूल 280 आवासीय क्षमता में शुरू होगा। यहां कक्षा 6 से 12 तक के लिए संचालित आवासीय विद्यालय में कक्षा 11 और 12 में भौतिक विज्ञान, रसायन विज्ञान, गणित और जीव विज्ञान ऐच्छिक विषय के रूप में पढ़ाए जाएंगे।



जालोर के चितलवाना में 0.80 हेक्टेयर ज़मीन पर 2.80 करोड़ रुपए की लागत से छात्रावास का निर्माण होगा। इससे विद्यार्थी छात्रावास में रहकर उज्वल भविष्य का निर्माण कर सकेंगे।

#### सेंटर ऑफ एक्सीलेंस इन पंचकर्म

राज्य सरकार जयपुर ग्रामीण जिले के चाकसू में सेंटर ऑफ एक्सीलेंस इन पंचकर्म की स्थापना करेगी। सीएम गहलोत ने सेंटर के लिए 40 करोड़ रुपए की वित्तीय स्वीकृति प्रदान की है। इससे पहले सरकार जोधपुर में इंटरनेशनल सेंटर ऑफ एक्सीलेंस इन पंचकर्म के संचालन की स्वीकृति भी दे चुकी है।

#### बेगूं व गंगरार में खुलेंगे नवीन संकाय एवं विषय

वहीं चित्तौड़गढ़ जिले के राजकीय महाविद्यालय बेगूं में स्नातक स्तर पर अब विद्यार्थी वाणिज्य संकाय और कला संकाय में चित्रकला व संस्कृत विषय में पढ़ाई कर सकेंगे। साथ ही, राजकीय महाविद्यालय, गंगरार को इतिहास विषय के साथ स्नातकोत्तर स्तर पर क्रमोन्नत किया जाएगा। मुख्यमंत्री गहलोत ने इस संबंध में प्रस्ताव को मंजूरी दी है। गहलोत की स्वीकृति से बेगूं में 5 और गंगरार में 2 पद सृजित किए जाएंगे। सीएम गहलोत ने सीकर के लक्ष्मणगढ़ स्थित करमा बाई महिला राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान के नाम परिवर्तित करने की भी स्वीकृति दी है। इस संस्थान का नाम अब करमा बाई राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान लक्ष्मणगढ़ होगा।

#### 131 सरकारी स्कूल होंगे इंग्लिश मीडियम में कन्वर्ट

राज्य सरकार प्रदेश के राजकीय विद्यालयों में अंग्रेजी शिक्षा को सुदृढ़ करने के लिए महत्वपूर्ण निर्णय ले रही है। इसी को लेकर सीएम गहलोत ने 131 राजकीय विद्यालयों को महात्मा गांधी राजकीय अंग्रेजी माध्यम विद्यालयों में रूपांतरित करने की स्वीकृति प्रदान की है। इस स्वीकृति से प्राथमिक स्तर के 42, उच्च प्राथमिक स्तर के 56 और उच्च माध्यमिक स्तर के 33 विद्यालयों को अंग्रेजी माध्यम विद्यालयों में रूपांतरित किया जाएगा। इनमें 8 बालिका विद्यालय भी शामिल हैं। इनमें जयपुर के 27, अलवर के 15, बारां के 13, जोधपुर के 12, बाड़मेर व झुंझुनूं के 10-10, भीलवाड़ा व करौली के 7-7, दौसा व डूंगरपुर के 6-6, नागौर के 5, भरतपुर के 4, अजमेर के 3, जालोर के 2 तथा कोटा, राजसमंद, चित्तौड़गढ़ व चूरू के 1-1 विद्यालय शामिल हैं।

# चांदना ने कलेक्ट्रेट घेराव की चेतावनी ली वापस

**बेधड़क** | जयपुर

राजस्थान सरकार में खेल मंत्री अशोक चांदना ने सोमवार को ट्वीट करके मंगलवार को बूंदी कलेक्ट्रेट घेराव की चेतावनी दी। जिसे बीजेपी की ओर से निशाना बनाते ही शाम होते-होते वापस भी ले लिया। उन्होंने अब घेराव को 8 सितंबर तक के लिए स्थगित कर दिया है।




दरअसल चांदना ने बिजली उपभोक्ताओं और किसानों की समस्याओं को लेकर कलेक्ट्रेट घेराव की चेतावनी दी थी। उन्होंने ट्वीट (X) करके कहा कि 'हिण्डोली-नैनवां के बिजली उपभोक्ताओं एवं किसानों की समस्याओं को लेकर कल दोपहर 12.30 बजे कलेक्ट्रेट का घेराव किया जाएगा। आप सभी सादर आमंत्रित है। इधर जब बीजेपी ने उन पर अपनी ही सरकार के खिलाफ जाने की बात कही तो उन्होंने ट्वीट डिलीट कर दिया। उन्होंने कहा कि ऊर्जा मंत्री भाटी ने उन्हें विश्वास दिलाया है कि किसानों की ट्रांसफार्मर सहित अन्य समस्याओं का 2 से 3 दिन में समाधान कर दिया जाएगा।

## जरूरी खबर

### आवासन मंडल के 258 पदों के लिए परीक्षा 8 से



**जयपुर।** राजस्थान आवासन मंडल की ओर से 258 पदों के लिए परीक्षा 8 से 11 सितंबर तक आयोजित की जाएगी। परीक्षा का आयोजन सुबह और दोपहर दो पारियों में किया जाएगा। पहली पारी सुबह 9:30 से 12:30 तथा दूसरी पारी अपरान्ह 3:30 से 6:30 बजे तक होगी। इधर सोमवार को परीक्षा करवाने के लिए मंडल के नियुक्त पर्यवेक्षकों को सी-डैक के प्रतिनिधियों और अधिकारियों ने प्रशिक्षण दिया। प्रशिक्षण में जयपुर में पदस्थापित अधिकारियों को सी-डैक के परीक्षा केंद्र प्रभारी डोमिनिक रयान और संयुक्त निदेशक सी-डैक रेखा ने ऑनलाइन प्रशिक्षण दिया।

### तालाब में डूबे युवक का शव 21 घंटे बाद मिला

**जयपुर।** आमेर के अखैपुरा स्थित भवसागर में डूबे युवक का शव 21 घंटे बाद निकाल लिया गया। सोमवार को एसडीआरएफ की टीम ने इसे बाहर निकाला। युवक डूबने के बाद दलदल में फंस गया था। जो काफी मशक्कत के बाद दिखाई दिया। पुलिस ने मृतक मुरलीपुरा निवासी अंकित के शव का पोस्टमार्टम करवा कर परिजनों को सौंप दिया। सर्च ऑपरेशन के दौरान आमेर विधायक सतीश पूनियां मौके पर पहुंचे और प्रशासन से बात कर परिवार को आर्थिक मदद कराने की मांग की।

**जेजेएम घोटाला:** ED ने 2 करोड़ 32 लाख की नकदी और 64 लाख का सोना किया जब्त, जांच रहेगी जारी

# जल जीवन मिशन घोटाले में मिले डिवाइस की जांच शुरू

**बेधड़क** | जयपुर

प्रवर्तन निदेशालय की राजस्थान में जलजीवन मिशन योजना से जुड़े ठेकेदारों और अधिकारियों के ठिकानों पर छापेमारी की कार्रवाई तो समाप्त हो चुकी है, लेकिन प्रवर्तन निदेशालय इस मामले से दूर नहीं हुआ है।

ईडी की ओर से सोमवार को एक अधिकारिक बयान जारी किया गया, इसमें बताया कि ईडी ने शुक्रवार को हुई छापेमारी में 2.32 करोड़ की नकदी, करीब 64 लाख रुपए मूल्य के सोने के अलावा अनेक दस्तावेज व डिजिटल उपकरण जब्त किए हैं। इस बयान में यह भी साफ किया गया है कि ईडी इस मामले में जांच जारी रखेगी और इस योजना में आवंटित हो चुके टेंडरों और इसमें किए गए भुगतान व कार्यों को भी शक के दायरे में रखा जाएगा। प्रवर्तन निदेशालय के अनुसार ईडी की टीमों ने भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो की प्राथमिकी को आधार बना कर धनशोधन निवारण अधिनियम कानून-पीएमएलए में कार्रवाई शुरू की थी। छापेमारी की कार्रवाई श्री श्याम ट्यूबवेल कंपनी के संचालक और ठेकेदार पदम चंद जैन, श्री गणपति ट्यूबवेल कंपनी के संचालक महेश मित्तल और अन्य के हुई। इसमें जब्त की गई नकदी और सोने के अलावा अनेक दस्तावेज व हार्ड डिस्क, मोबाइल फोन आदि अनेक डिजिटल रिकॉर्ड भी जब्त किए गए हैं।



### कई टेंडरों में गड़बड़ी होने की जताई आशंका

ईडी का मानना है कि राज्य में जल जीवन मिशन योजना में जारी अनेक टेंडर में गड़बड़ी होने की भी आशंका है। आरोपियों ने इस योजना में सरकारी कर्मचारियों को टेंडर हासिल करने, अवैधानिक संरक्षण पाने, बिल पास कराने आदि के लिए रिश्वत का लेनदेन किया गया। इसके आधार पर पीएमएलए कानून में कार्रवाई हुई है। ईडी की जांच में यह भी पता लगा है कि टेंडर प्राप्त करने वाली फर्मों में से कुछ ने हरियाणा से चुराए गए माल का टेंडर में किए गए कार्यों में उपयोग किया और पुराने सामान के बदले नया काम दिखाकर भुगतान राशि प्राप्त की।

### 20,000 करोड़ के घोटाले का आरोप

ईडी की दिल्ली, गुजरात और राजस्थान की टीमों ने छापेमारी की। उल्लेखनीय है कि जलजीवन मिशन योजना- जेजेएम में राज्य में पानी की पाइप लाइन खरीद से लेकर इस योजना के क्रियान्वयन में व्यापक घोटाले को लेकर राज्यसभा सांसद किरोड़ी लाल मीणा ने भी ईडी में शिकायत दर्ज कराई थी। उन्होंने पाइप लाइन आपूर्ति के टेंडर्स आवंटन में गंभीर अनियमितताओं के आरोप लगाए। उनके अनुसार राज्य में जेजेएम योजना में 20,000 करोड़ का घोटाला हुआ। मीणा ने इस मामले में श्री श्याम ट्यूबवेल कंपनी, श्री गणपति ट्यूबवेल कंपनी, ठेकेदार पदम चंद जैन आदि पर नियम विरुद्ध 900 करोड़ के टेंडर लेने के आरोप भी लगाए। गौरतलब है कि जेजेएम योजना में घोटाले को लेकर एसीबी ने भी कार्यवाही की थी। गत 6 अगस्त को एसीबी ने जलजीवन मिशन से जुड़े दो अधिकारियों, बहरोड़ के एक्सईएन मायालाल सैनी, नीमराना के जेईएन प्रदीप, ठेकेदार पदम चंद जैन, उसकी कम्पनी के सुपरवाइजर मलकेत सिंह और एक अन्य को जयपुर के होटल पोलोविक्ट्री में रिश्वत राशि रंगे हाथ लेते हुए गिरफ्तार किया था।

**हड़ताल:** दो दौर की वार्ता, नहीं बनी सहमति... मरीज-परिजन परेशान

# तीसरे दिन भी एंबुलेंस सेवा ठप

**बेधड़क** | जयपुर

राजधानी समेत प्रदेशभर में सोमवार को तीसरे दिन भी आपातकालीन एंबुलेंस सेवाओं 104 और 108 के पहिये थमे रहे। हड़ताल के बाद से ही मरीज परेशान है। एंबुलेंस बंद की स्थिति में सोमवार को भी मरीजों को निजी वाहनों और निजी एंबुलेंस से अस्पताल लाया गया। दूसरी तरफ सोमवार को एंबुलेंस कर्मियों के प्रतिनिधिमंडल की दो बार वार्ता हुई, मगर असफल रही। इस कारण इनकी हड़ताल खत्म नहीं हो सकी।

उधर, राजधानी स्थित मेडिकल कॉलेज के सामने प्रदेशभर से आए हुए हजारों कर्मचारियों का धरना जारी है। गौरतलब है कि प्रदेश में आपातकाल की स्थिति से निपटने के लिए 108 की 741 एंबुलेंस और 104 की 586 एंबुलेंस मरीज को अस्पताल तक पहुंचाने कार्य करती है। एंबुलेंस कर्मियों का कहना है कि वे लंबे समय से अपनी सेवाएं दे रहे हैं। मरीज को जब भी इमरजेंसी की जरूरत होती है वे मौके पर जाकर मरीज को अस्पताल पहुंचाते हैं, लेकिन सरकार की ओर से एंबुलेंस कर्मियों को स्थायी करने के लिए कोई कदम नहीं उठाए गए हैं। इतना ही नहीं उन्हें दिए जाने वाला वेतन बहुत कम है जिसमें घर खर्च चलाया जाना मुश्किल है। उनकी मांग है कि उन्हें ठेका प्रथा से हटाकर संविदा नियम में शामिल किया जाए।



"राजस्थान में पिछले तीन दिन से आपातकाल एंबुलेंस सेवाएं ठप है। इसके कारण आपात स्थिति में मरीजों की चिकित्सा सुविधा से वंचित रहना पड़ रहा है। राज्य सरकार को तत्काल प्रभाव से इनकी मांगों का सकारात्मक हल निकालने की दिशा में कदम उठाने चाहिए ताकि मरीजों को परेशानी का सामना नहीं करना पड़े।

**हनुमान बेनीवाल,** आरएलपी प्रमुख

"सरकार की ओर से अतिरिक्त मिशन निदेशक प्रियंका गोस्वामी की राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन से स्वास्थ्य भवन में दो दौर की वार्ता हुई। अतिरिक्त मिशन निदेशक ने पदाधिकारियों से कहा कि भविष्य के लिए एंबुलेंस कर्मचारियों के लिए प्रपोजल बनाकर सरकार को भेज देंगे। मगर इस बात से एंबुलेंस कर्मचारी सहमत नहीं हुए और यूनियन पदाधिकारियों ने चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री लेवल पर वार्ता करने की मांग की है ।

**वीरेंद्र सिंह शेखावत,** प्रदेशाध्यक्ष यूनियन

"सरकार की ओर से जल्द से जल्द एंबुलेंस कर्मियों की हड़ताल खत्म करने के लिए कोई रास्ता निकाला जाए। मरीज परेशान हो रहे हैं। उनका इसमें क्या दोष है।

**देवांशु,** पीड़ित परिजन

**कांस्टेबल भर्ती परीक्षा 2018 मामला**

# OMR में काट-छांट मामले में 5 गिरफ्तार

**बेधड़क** | जयपुर

स्पेशल ऑपरेशन ग्रुप (एसओजी) ने बारां और बूंदी में कांस्टेबल भर्ती परीक्षा 2018 की परीक्षा में ओएमआर शीट में काट-छांट करने के मामले में परीक्षा करवाने वाली कंपनी के प्रतिनिधि सहित पांच लोगों को गिरफ्तार किया हैं। एडीजी अशोक राठौड़ ने बताया कि इस संबंध में 2 मार्च 2021 को एसओजी में मामला दर्ज किया गया था।

स्पेशल ऑपरेशन ग्रुप के एडीजी राठौड़ ने बताया कि इस मामले में टाटा कन्सलटेंसी सर्विसेज मुंबई में रीजनल मैंनेजर सौरभ कुमार सिंह (35) निवासी हिंदुस्तान जिंक लिमिटेड धनबाद हाल प्रतापनगर जयपुर, वरुणेश पुरी (46) निवासी नई दिल्ली स्थित विकासपुरी, पंकज सैनी निवासी मोहाली, सुफीयान निवासी ठाणे स्थित कल्याण सिटी और राजकुमार सिंह बघेल निवासी लखनऊ को गिरफ्तार किया है। जांच में सामने आया कि बारां के 6 अभ्यर्थी और बूंदी के 4 अभ्यर्थी के डिजिटल ओएमआर शीट में काट-छांट होना व कम नंबर प्राप्त होना पाया गया।

### ओएमआर सीट दोबारा जांची

अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस भर्ती एवं पदोन्नति बोर्ड को जिला बारां एवं बूंदी की लिखित परीक्षा में उपस्थित सभी अभ्यर्थियों के ओएमआर की पुनः जांच करवाने और यदि कोई अनियमितता पाए जाने पर पुनः परिणाम जारी करने के निर्देश दिए गए थे। इस पर अभ्यर्थियों की ओएमआर फिर से जांच कराई गई। इसमें यह खुलासा हुआ।


SKIT

असतो मा सद्गमय

www.skit.ac.in

SWAMI KESHVANAND INSTITUTE OF TECHNOLOGY, MANAGEMENT & GRAMOTHAN



Swami Keshvanand (1883-1972)

Engineering Branches Accredited by NBA & IE (I)

Recognized by UGC under Section 2 (f) of the UGC act 1956, Approved by AICTE, New Delhi and affiliated to RTU, Kota

ACCREDITED WITH GRADE A++ NAAC

CGPA 3.67 / 4.00

RANK NO. 1

HAPPY TEACHERS DAY

First Rank

in Engineering Program For

6 CONSECUTIVE YEARS

by Rajasthan Technical University (RTU), Kota

Courses Offered

- B.Tech. REAP College Code 1031
  - Civil Engineering
  - Computer Science and Engineering
  - Computer Science and Engineering (Artificial Intelligence)
  - Computer Science and Engineering (Data Science)
  - Computer Science and Engineering (IOT)
  - Electrical Engineering
  - Electronics and Communication Engineering
  - Information Technology
  - Mechanical Engineering
- B.Tech. (Lateral Entry)
- MBA
- M.Tech.

AICTE GATE SCHOLARSHIP

Rs. 12,400 p.m. for GATE qualified candidates only

- Ph.D
  - EE • CSE • ECE • ME
  - BUSINESS ADMINISTRATION

ADMISSIONS OPEN

SESSION 2023-24

Sunday open

10.00 AM to 5.00 PM

Admission Helpline :

0141-3500326, 3500327, 3500328, 3500300

RECORD PLACEMENTS

850+

Batch 2023

HIGHEST PACKAGE

47 LPA

Batch 2023








E-mail : admissions@skit.ac.in | Website : www.skit.ac.in

B.Tech: 9694097634, 9314520693, 9928350928 M.Tech & Ph.D : 9314256263 | MBA : 9680080686

Ramnagaria, Jagatpura, Jaipur-302017 (Rajasthan) | 0141-3500300

## जरूरी खबर

### विकास कार्यों का किया लोकार्पण एवं शिलान्यास



**अलवर।** उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री शकुन्तला रावत ने सोमवार को बानसूर क्षेत्र की ग्राम पंचायत विजयपुरा एवं मुण्डावरा में विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया। उन्होंने नारायणपुर पंचायत समिति की ग्राम पंचायत विजयपुरा में पंचायत भवन निर्माण कार्य का शिलान्यास किया। वहीं राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, विजयपुरा की चार दिवारी की ऊंचाई का कार्य, कमरा एवं बरामदा निर्माण, तुर्कियावास स्कूल में विकास कार्यों का उद्घाटन किया।

### सनातन धर्म पर विवादित बयान पर आज भीलवाड़ा बंद

**भीलवाड़ा।** तमिलनाडु सीएम के बेटे उदयनिधि स्टालिन के सनातन धर्म पर दिए गए आपत्तिजनक बयान के बाद संत समाज विरोध में उतर आया है। मंगलवार को संत समाज के आह्वान पर भीलवाड़ा बंद रहेगा। इसके लेकर महामंडलेश्वर हंसराम उदासीन ने बताया कि तमिलनाडु मुख्यमंत्री के मंत्री पुत्र उदयनिधि स्टालीन ने 'सनातन धर्म डेंगू मलेरिया की तरह है और इसलिए सनातन धर्म को खत्म कर देना चाहिए' का बयान दिया है। इसको लेकर संत समाज इस बात का विरोध जता रहा है और सीएम के बेटे की गिरफ्तारी की मांग कर रहे है। मंगलवार को शहर में सभी प्रतिष्ठान व शहर को बंद रखने की अपील की गई है।

### ग्रामीणों ने किया बायोवेस्ट प्लांट का विरोध



**सीकर।** बायोवेस्ट निस्तारण प्लांट के विरोध में ग्रामीणों सोमवार को कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन कर घेराव किया। इसके बाद ग्रामीण अनिश्चितकालीन धरने पर बैठ गए। इससे पहले ग्रामीणों ने चांदपोल गेट से जाट बाजार, तापड़िया बगीची होते हुए कलेक्ट्रेट तक आक्रोश रैली निकाली। धोद ग्राम पंचायत के पास बायोवेस्ट निस्तारण प्लांट बनाया जा रहा है। पूर्व विधायक कॉमरेड पेमाराम ने कहा कि बायोवेस्ट के कचरे को 450 डिग्री सेल्सियस पर गर्म करने के बाद मशीनों को ठंडा करने में भूमिगत पानी का भारी मात्रा में उपयोग किया जाएगा। कंपनी को प्लांट लगाने के लिए एनओसी जारी नहीं की है।

## आत्महत्याओं पर लगाम की कवायद: जिलाधिकारी ने कोचिंग छात्रों को लिखे भावनात्मक पत्र में कहा...

# इस शहर में आप अकेले नहीं, मैं और मेरी टीम आपके साथ

**बेधड़क** | कोटा

देश के कोचिंग केंद्र के रूप में विख्यात कोटा शहर में नीट और जेईई परीक्षा उत्तीर्ण करने के आकांक्षी छात्रों के बीच बढ़े आत्महत्या के मामलों को रोकने के लिए पुलिस और प्रशासन लगातार प्रयास कर रहा है।

इसी कड़ी में जिलाधिकारी ओम प्रकाश बुनकर ने छात्रों को प्रोत्साहित करने के लिए पत्र लिखा है। इसमें उन्होंने आश्वासन देते हुए कहा कि वे और उनकी टीम छात्रों के साथ है। बुनकर ने रविवार को लिखे प्रेरक पत्र में छात्रों से कहा कि वे नाकामी से हारे नहीं।



अगर एक रास्ता बंद होता है, तो कई अन्य रास्ते खुल जाते हैं जो आपकी प्रतीक्षा कर रहे हैं।

उन्होंने कहा आप शहर में अकेले नहीं हैं। मैं और मेरी टीम आपके साथ हैं। मेरे कार्यालय और घर के दरवाजे हर छात्र के लिए हमेशा खुले हैं। संकोच न करें, आपके मन में किसी भी तरह का डर या तनाव हो तो मुझसे जरूर साझा करें। जिलाधिकारी ने कोचिंग संस्थानों, छात्रावासों और पेइंग गेस्ट (पीजी) को उनके पत्र को अपने सूचना पट्ट पर लगाने के निर्देश दिए।

### खदकुशी की घटनाओं पर जताई चिंता

अपने पत्र में जिला कलेक्टर ने आत्महत्या की घटनाओं पर चिंता व्यक्त की और छात्रों से असफलताओं पर निराश नहीं होने का आग्रह किया। यहां हाल ही में कथित तौर पर आत्महत्या करने वाले छात्रों का जिक्र करते हुए बुनकर ने लिखा, 'आप चले गए, लेकिन जाने से पहले आपको यह सोचना चाहिए था कि आपके माता-पिता का क्या होगा, जो अपना सब कुछ न्यौछावर करके आपके सपनों को पूरा करने के लिए प्रतिबद्ध थे।' उन्होंने पत्र में कहा कि अपने सपनों को पूरा करने के लिए इस शहर में आने के पहले ही दिन से आप सभी मेरे परिवार के सदस्य बन गए और मैं लगातार आपकी देखभाल करने और आपको यहां एक खुशहाल वातावरण प्रदान करने का प्रयास कर रहा हूं। बुनकर ने कुछ छात्रों के साथ बातचीत के दौरान बिताए सुखद पलों को भी याद किया।

### असफलता ही सफलता का पहला सोपान

बुनकर ने छात्रों से कहा है कि आप सभी अपने लक्ष्य को पाने के लिए बहुत मेहनत करते हैं। यदि एक राह बंद होती है, तो कई अन्य रास्ते भी खुलते हैं जो आपकी प्रतीक्षा कर रहे हैं। एक परीक्षा में रैंक कम होने से आप टूट जाते हैं, तनावग्रस्त हो जाते हैं और खुद को एक कमरे में बंद कर लेते हैं। आप सोचते हैं कि अब कुछ नहीं हो सकता, जबकि असफलता ही सफलता का पहला सोपान है। कलेक्टर ने छात्रों को शहर का भ्रमण करने और विश्राम के लिए उद्यानों और मनोरंजन स्थलों पर जाने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने छात्रों से आग्रह किया, 'बस एक बार बाहर आएं और देखें कि मेरे शहर में क्या नहीं है, चंबल नदी की लहरें, आकर्षक बगीचे और उपवन हर क्षेत्र आपका स्वागत करने के लिए उत्सुक हैं।'

### विद्यार्थियों को तनाव से दूर रहने के बताए टिप्स

जिला कलेक्टर बुनकर ने पत्र में छात्रों को तनाव से दूर रहने और चिंता मुक्त होने के लिए कुछ टिप्स भी दिए। उन्होंने छात्रों से अपनी क्षमता का पता लगाने का भी आह्वान किया क्योंकि उज्ज्वल भविष्य के लिए कई रास्ते हैं। उन्होंने अपने पत्र का समापन प्रेरक संदेश से करते हुए लिखा, 'प्रिय छात्रों, आप मजबूत हैं, आपके पास जीवन जीने के लिए बहुत कुछ है। आपमें हर कमजोरी और कठिनाई को पार करते हुए आगे बढ़ने का साहस है। यकीन मानिए, कोई भी आपको तब तक नहीं हरा सकता, जब तक आप खुद हार न मान लें।' 2016 में भी तत्कालीन जिलाधिकारी रवि कुमार सुरपुर ने भी छात्रों के माता-पिता को एक भावनात्मक पत्र लिखा था।

## रामदेवरा: बीजेपी की तीसरी परिवर्तन संकल्प यात्रा शुरू

# बाबा रामदेव के दर्शन के साथ यात्रा का आगाज

### रक्षा मंत्री ने मंदिर में पूजा-अर्चना कर मांगा आशीर्वाद

**2027 तक विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनेगा भारत: रक्षा मंत्री**



**बेधड़क** | जैसलमेर

रामदेवरा से सोमवार को रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने बीजेपी की तीसरी परिवर्तन संकल्प यात्रा की शुरुआत की। इससे पहले रक्षामंत्री ने सोमवार को पोखरण में रामदेवरा मंदिर में पूजा-अर्चना की। राजनाथ सिंह ने कहा कि पोखरण के पास स्थित रामदेवरा मंदिर में बाबा रामदेवजी के दर्शन का सौभाग्य प्राप्त किया। इसके बाद रक्षा मंत्री ने दोपहर 1 बजे बीजेपी की तीसरी परिवर्तन संकल्प यात्रा को झंडी दिखाकर रवाना किया।

परिवर्तन यात्रा में बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता भी उपस्थित रहे। इस अवसर जनसभा भी हुई, जिसे रक्षा मंत्री के अलावा भाजपा की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष वसुंधरा राजे, भाजपा प्रदेशाध्यक्ष सीपी जोशी, प्रदेश चुनाव प्रभारी प्रहलाद जोशी, प्रदेश प्रभारी अरुण सिंह, प्रदेश सह-प्रभारी विजया राहटकर, यात्रा संयोजक सांसद राजेन्द्र गहलोत, केंद्रीय कानून राज्य मंत्री अर्जुनराम मेघवाल, गजेन्द्र सिंह शेखावत, कैलाश चौधरी, नेता प्रतिपक्ष राजेन्द्र सिंह राठौड़ और संगठन महामंत्री चंद्रशेखर सहित अन्य लोगों ने संबोंधित किया। राजनाथ सिंह ने सभा को संबोधित करते हुए विपक्ष पर कटाक्ष किए। वहीं केंद्र की उपलब्धियां भी गिनाई।

रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि पहले भारत की अर्थव्यवस्था दसवें स्थान पर थी, लेकिन प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में हमने दसवें पायदान से छलांग लगाकर पांचवे स्थान पर खुद को स्थापित किया है और वह दिन दूर नहीं जब 2027 तक भारत की अर्थव्यवस्था विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था होगी।

हमारी 2014 में जब सरकार बनी उस समय देश के 18 हजार गांवों में बिजली नहीं पहुंच पाई थी। लेकिन मोदी के नेतृत्व में उन सभी गांवों में महज साल डेढ़ साल में बिजली पहुंचाने का काम किया है तो वह हमारी सरकार ने किया है।



### 56 माह में दस लाख से ज्यादा केस दर्ज

रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि राजस्थान शांत प्रदेश था लेकिन आज यहां की कानून किस कदर यहां की व्यवस्था बिगड़ी है। 56 महिने में दस लाख से ज्यादा केस दर्ज हो चुके हैं। 7500 से ज्यादा नागरिकों की हत्या के मामले राजस्थान में देखने को मिले हैं। दो लाख मुकदमों में से 31 हजार मुकदमें महिला उत्पीड़न के हैं। जिनमें नाबालिगों के साथ दुष्कर्म के मामलों की संख्या 14471 है। किसी राज्य के विकास के लिए वहां की कानून व्यवस्था चुस्त दुरूस्त होनी चाहिए, तभी उसका विकास संभव है।

### दिसंबर में सत्ता से बाहर होगी कांग्रेस: सीपी जोशी

भाजपा प्रदेशाध्यक्ष सीपी जोशी ने यात्रा की शुरुआत पर कहा कि बाबा रामदेव की कृपा से दिसंबर लगते ही राजस्थान की जनता के दुख दर्द दूर हो जाएंगे। जिस कांग्रेस ने सरकार ने प्रदेश की जनता को खून के आंसू रुलाए हैं, वह सत्ता से बाहर होंगे। उन्होंने कहा कि अयोध्या में विवादित ढांचा दिसंबर में गिरा था और राजस्थान में भी चुनाव दिसंबर में हैं। आपने विवादित ढांचा गिरने पर हमारी सरकार गिराई थी, अब वहां भव्य श्रीराम लला का मंदिर बन रहा है, यहां जनता भाजपा की सरकार बनाएगी।

### मारवाड़ की धरती भाजपा को देगी आशीर्वाद: वसुंधरा राजे

जनसभा को संबोधित करते हुए पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे ने कहा कि बाबा रामदेवरा की यह धरती प्रेम के बंधन में बांधने वाली धरती है। आज उस भूमि पर हम खड़े हैं। रक्षामंत्री राजनाथ सिंह के नेतृत्व में हमारी सरकार ने हमेशा दुश्मनों को मुहंतोड़ जवाब दिया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के चलते आज दुनिया में हमारे देश की साख और धाक बनी है। चाहे 2003 की रथ यात्रा हो या 2013 की हमें सदैव मारवाड़ की जनता ने आशीर्वाद दिया है। इस बार भी मारवाड़ की धरती भाजपा को आशीर्वाद देगी।

### सनातन धर्म का कोई कुछ नहीं बिगाड़ पाया: शेखावत

केंद्रीय मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत ने कहा कि राजस्थान पहले विकास में अग्रणी प्रदेशों में गिना जाता था। कांग्रेस ने उस प्रदेश को आज दुष्कर्म, पेपर लीक, भ्रष्टाचार, दलित उत्पीड़न और तुष्टीकरण में नंबर वन बना दिया है। इंडी एलायंस के नेता सनातन धर्म को खत्म करने की बात करते हैं तो उन्हे बता देना चाहता हूं, इस देश में शक, हूण, कुषाण, गौरी, गजनवी, गुलाम, खलीफा, अरब, तुर्क, मुगल, यवन और ना जाने कितने आंक्रांता आए लेकिन सनातन धर्म का कोई कुछ नहीं बिगाड़ पाया।

## पुलिस ने शराबी ड्राइवर को लिया हिरासत में

# ताजिया जुलूस में घुसी पिकअप सात लोग हुए घायल... तनाव

■ समझाईश के बाद मामला हुआ शांत



**बेधड़क** | जयपुर/ सवाई माधोपुर

सवाई माधोपुर जिला मुख्यालय के पुराने शहर में सोमवार शाम उस वक्त हंगामा हो गया, जब समुदाय विशेष के लोगों के मोहर्रम के 40वें दिन के ताजिया जुलूस में एक बेकाबू पिकअप घुस गई। इस पिकअप की टक्कर से सात लोग घायल हो गए।

हादसे के बाद समुदाय विशेष के लोग आक्रोशित हो गए और पुराने शहर में बाजार बंद करा दिया। साथ ही आक्रोशित लोग जामा मस्जिद सामने एकत्र होने लगे। इसके चलते शहर में जाम की स्थिति हो गई। सूचना पर पुलिस प्रशासन मौके पर पहुंचा और हालात को संभाला। हादसे में घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती करवाया गया।

जहां दो गंभीर घायलों प्राथतिक उपचार के बाद जयपुर रेफर कर दिया गया। वहीं प्रशासन द्वारा गुस्साएं लोगों को समझाने का प्रयास किया, लेकिन प्रदर्शनकारी पिकअप ड्राइवर पर गैर-इरादतन हत्या का मामला दर्ज करवाने पर अड़ गए। हालांकि पुलिस ने पिकअप चालक को हिरासत में ले लिया। पुलिस के मुताबिक पिकअप चालक शराब के नशे में था और नशे के चलते ही उसने कुछ लोगों को टक्कर मार दी। इधर डीजीपी उमेश मिश्रा ने मामले पर नजर रखने और सख्ती से निपटने के निर्देश दिए हैं।'

## मनमोहक भजनों में लीन हुए श्रद्धालु

# रामेश्वरम नाथ में धूमधाम से मनाया ऊब छठ महोत्सव





**बेधड़क** | जोधपुर

शहर के चांदपोल स्थित रामेश्वर नाथ में सोमवार को ऊब छठ महोत्सव धूमधाम से मनाया गया। इस मौके पर कई कार्यक्रमों का आयोजन हुआ। रामेश्वरनाथ मंदिर में विद्वान ब्राह्मणों द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार से महादेव का अभिषेक किया और महिला समूह ने प्रातः भजन गाए। रात्रि में भजन संध्या में छंगाणी एवं भजन गायकों ने गणेश वन्दना, शिवजी, भैंरूजी, कृष्ण आदि देवताओं के उम्दा भजन प्रस्तुत कर श्रोताओं को बांधे रखा। चांदपोल के बाहर रामेश्वर नाथ महादेव मंदिर छठ पर विशेष से सजावट की गई। ऊब छठ का उपवास करने वाली महिलाएं भी दर्शन के लिए आती रहीं। भजन गायकों का सत्यनारायण दवे, नरेंद्र दवे, पुष्पेंद्र भट्ट, जुगल गोयल, चन्द्र शेखर दवे, राजकुमार बोहरा, माधव जोशी, हेमन्त घोष, शिवजी सोनी, शांतिलाल दवे आदि ने माला पहना कर स्वागत किया।

### गाड़ी फिटनेस सेंटर 15 दिन के लिए बंद

**पाली।** पाली परिवहन कार्यालय के अधीन चल रहे बालाजी फिटनेस सेंटर को 15 दिन के लिए परिवहन आयुक्त ने बंद कर दिया है। फिटनेस केंद्र की लंबे समय से अनियमितता की शिकायतें आने पर जांच में पुष्टि होने होने पर केंद्र को सस्पेंड कर दिया गया है।

प्रादेशिक परिवहन अधिकारी प्रकाश सिंह राठौड़ के अनुसार बालाजी फिटनेस सेंटर के खिलाफ गत दिनों शिकायत मिली कि केंद्र पर बिना गाड़ियों के आए ही गाड़ियों की फिटनेस की जा रही है। इस शिकायत की जांच करने पर परिवहन सेंटर पर गाड़ियों की फिटनेस फर्जी तरीके से की जा रही थी।

इस पर परिवहन आयुक्त ने फिटनेस सेंटर को 15 दिन के लिए बंद करने का आदेश जारी किया गया है। फिलहाल गाड़ियों की फिटनेस परिवहन कार्यालय में चल रही है।

## प्रेमी के साथ मिलकर किए 1.74 करोड़ रुपए पार

# हॉस्टल वार्डन ही निकली सबसे बड़ी चोरी की सूत्रधार

■ मामले में पुलिस ने महिला सहित सात आरोपियों को किया गिरफ्तार

**बेधड़क** | सीकर

शहर में आस्था एकेडमी के छात्रावास में हुई 1 करोड़ 74 लाख की चोरी का पुलिस ने सोमवार को पर्दाफाश कर दिया। इस मामले में एक महिला सहित सात लोगों को गिरफ्तार किया गया है।



पुलिस अधीक्षक परिश देशमुख ने प्रेस वार्ता में बताया कि सीकर शहर के आस्था एकेडमी के महिला छात्रावास में 1 करोड़ 74 लाख रुपए की चोरी की वारदात हुई थी। यह वारदात शहर में चोरी की सबसे बड़ी वारदात थी और इसके खुलासे के लिए कई टीमों का गठन किया था। पुलिस टीमों ने अथक प्रयास कर इस वारदात का खुलासा किया है। वारदात की मुख्य सूत्रधार छात्रावास संचालक हॉस्टल वार्डन संजना के प्रेमी सहित सात लोगों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। संजना ने अपने प्रेमी विजेंद्र को हॉस्टल में कोचिंग संचालकों की ओर से रखी जाने वाली राशि के बारे में बताया और चोरी की साजिश रची। हॉस्टल वार्डन संजना ने अपने प्रेमी विजेंद्र को उस कमरे के बारे में बताया, जहां नकदी रखी हुई थी। इतना ही नहीं उसने आरोपियों के आने के लिए हॉस्टल का गेट भी खोला। पुलिस ने सभी पहलुओं पर बारीकी से जांच करते हुए हॉस्टल वार्डन संचालक संजना उसके प्रेमी विजेंद्र सहित चूरू के नरेश प्रजापत सहित हरियाणा निवासी चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

### हरियाणा गैंग के साथ की वारदात

हॉस्टल वार्डन की ओर से नकदी के बारे में अपने प्रेम विजेंद्र को जानकारी देने के बाद उसने चोरी की साजिश रची। आरोपी विजेंद्र ने हरियाणा के बादमाशों से साठ-गांठकर वारदात को अंजाम दिया। इसमें हॉस्टल वार्डन ने भी पूरी भूमिका निभाई।

### 95 टीमों ने 180 बदमाशों को दबोचा

सीकर पुलिस ने अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत बड़ी कार्रवाई करते हुए 180 बदमाशों को दबोचा है। सोमवार को सुबह 4 बजे तक अपराधियों के खिलाफ एक साथ सर्च अभियान अिभयान चलाया गया। पुलिस अधीक्षक परिस देशमुख ने बताया कि कार्रवाई में एक हजार से अिधक पुलिसकर्मियों ने भूमिका निभाई। इस दौरान दौरान 4 लाख 10 हजार की अवैध नकदी और एक वाहन को भी जब्त किया गया है। उन्होंने कहा कि कार्रवाई के तहत कई हार्डकोर व आदतन अपराधियों के ठिकानों पर पर दबिश दी गई। पकड़े गए बदमाशों पर हत्या, लूट व बलात्कार सहित अन्य मामले दर्ज हैं।

# करोड़ों रुपए खर्च, फिर भी प्यासे रह गए कंठ

**बेधड़क** | झालावाड़

जिले में शुद्ध पेयजल मुहैया कराने के उद्देश्य से लाई गई केन्द्र सरकार की महत्वाकांक्षी योजना 'हर घर नल'के तहत करोड़ों रुपए खर्च करने के बावजूद लोगों के कंठ प्यासे हैं। पानी की किल्लत को दूर करने में जिले की गागरिन पेयजल योजना फेल साबित हो रहा है। इस योजना के अन्तर्गत करोड़ों रुपए के कार्य तो हुए लेकिन लोगों की पेयजल किल्लत की परेशानी अभी भी दूर नहीं हुई है।



हालात ये हैं कि अब भी लोग अपने स्तर पर ही पेयजल की व्यवस्था करने को मजबूर हैं। पिड़ावा उपखण्ड क्षेत्र के गांव सिरपोई में लोगों को पानी की कमी से जूझना पड़ रहा है। लोगों ने कहा कि हर घर नल योजना का ढिंढोरा तो सरकार ने पीटा, लेकिन इसका पूरी तरह से लाभ नहीं मिल पा रहा है। ग्रामवासी पिछले काफी समय से पेयजल किल्लत से परेशान हैं। गागरिन पेयजल योजना से लोगों को काफी उम्मीद थी कि अब तो उनकी समस्या हमेशा के लिए दूर हो जाएगी, लेकिन हालात नहीं बदले।

झालावाड़ जल जीवन मिशन के अधिकारियों को भी कई बार समस्या के बारे में बताया गया, लेकिन कोई हल नहीं निकला।

### अलवर की टीचर आशा रानी की प्रेरणास्पद कहानी, आज मिलेगा राष्ट्रीय पुरस्कार

# एक शिक्षिका, जिसने बच्चियों को पढ़ाया आत्मरक्षा का 'क ख ग'

बेधड़क | जयपुर

एक शिक्षक का दायित्व अपने शिष्यों को बौद्धिक रूप से मजबूत बनाना तो होता ही है, उन्हें जीवन की हर परिस्थिति से लड़ने के लिए सक्षम बनाना भी होता है।

अलवर के राजगढ़ में खरखड़ा नाम के छोटे से गांव की शिक्षिका आशा सुमन ने अपनी शिष्याओं को मजबूत बनाने की कुछ अलग ही मिसाल पेश की है।

आशा ने अपने स्कूल की ही नहीं, आसपास की भी 30 हजार से अधिक बच्चियों व महिलाओं को आत्मरक्षा का प्रशिक्षण देकर इस लायक बनाया है कि वे अपनी सुरक्षा खुद कर सकें। इसके साथ ही शिक्षण प्रक्रिया को बेहतर बनाने के लिए भी उन्होंने बहुत से काम किए हैं। इसी का परिणाम है कि आशा सुमन का चयन राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार के लिए हुआ है और वे इस वर्ष इस पुरस्कार से सम्मानित होने वाले प्रदेश के दो शिक्षकों में से एक हैं।







### स्कूल ही नहीं, स्क्रीन पर भी दिखाई प्रतिभा

आशा सुमन स्कूल में बच्चों को हिंदी, राजनीति विज्ञान और भूगोल पढ़ाती हैं। उन्होंने बी.एड. के अलावा प्रत्येक विषय में मास्टर डिग्री भी हासिल की हुई है। साथ ही पत्रकारिता और जनसंचार में स्नातक भी है। बच्चों के शिक्षा से जोड़ने के लिए उन्होंने एनिमेटेड एजुकेशनल वीडियो भी बनाए हैं। आशा के बनाए सौ से अधिक वीडियो दूरदर्शन के कार्यक्रम शिक्षा दर्शन में भी प्रसारित किए गए हैं। उनका 'आशा की पाठशाला' नाम से एक यूट्यूब चैनल भी था जिसे अब राजस्थान का शिक्षा विभाग चलाता है।

### गांव की घटना ने दिखाई राह

आशा के मुताबिक उनके स्कूल के पास के गांव में एक लड़की के साथ दुष्कर्म की घटना के बाद उस इलाके के लोगों ने अपनी बेटियों को स्कूल भेजना बंद कर दिया था। यहीं से उनको लड़कियों को सशक्त बनाने के लिए कुछ करने की राह मिली। उसी साल 2015 में आशा ने जयपुर स्थित पुलिस अकादमी में चलाए जा रहे सेल्फ डिफेंस के एक कोर्स में भाग लिया। यहीं से गांव की लड़कियों को आत्मरक्षा में प्रशिक्षित करने की उनकी यात्रा शुरू हो गई। वह किशनगढ़ बास क्षेत्र के स्कूलों में जाकर लड़कियों को आत्मरक्षा की ट्रेनिंग देने लगीं। उन्होंने कई शिविर भी आयोजित किए। गर्मियों के समय में उन्होंने राज्य के 12 जिलों का दौरा किया और लड़कियों के लिए फ्री सेल्फ डिफेंस कैंप लगाए। वह ऑनलाइन ट्रेनिंग भी देती रही हैं। देश के 24 राज्यों के लगभग 8 हजार शिक्षकों को उन्होंने वर्चुअली ट्रेनिंग दी है। उन्होंने नेत्रहीन व मूक बधिर बच्चियों को भी ट्रेनिंग देकर मजबूत बनाया है।

### एमजेआरपी यूनिवर्सिटी में भाषण प्रतियोगिता

# छात्रों ने दिए राजस्थान को नंबर वन बनाने के सुझाव

बेधड़क | जयपुर

महात्मा ज्योति राव फुले यूनिवर्सिटी के सोडाला कैम्पस में सोमवार को 'राजस्थान मिशन-2030' विषय पर भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के विभिन्न डिपार्टमेंट के करीब 70 स्टूडेंट्स ने अपने भाषण में विकसित राजस्थान और नंबर वन प्रदेश की परिकल्पना को साकार करने का प्रयास किया।



एमजेआरपी यूनिवर्सिटी के चेयरपर्सन निर्मल पंवार ने बताया कि शिक्षक दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित भाषण प्रतियोगिता में स्टूडेंट्स ने राजस्थान को नंबर-1 प्रदेश बनाने के लिए विभिन्न सुझाव दिए। उन्होंने बताया कि स्टूडेंट्स ने राजस्थान के वर्तमान परिदृश्य और 2030 में राजस्थान की स्थिति पर भी अपने भाषण में प्रकाश डाला।

चेयरपर्सन निर्मल पंवार ने बताया कि प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को स्मृति चिन्ह और प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। श्रेष्ठ तीन स्टूडेंट्स का चयन वरिष्ठ शिक्षकों के पैनल ने किया।

पंवार ने बताया कि भाषण प्रतियोगिता स्टूडेंट्स को सार्वजनिक रूप से अपने प्रस्तुति कौशल और बोलने की शैली को प्रदर्शित करने का अवसर प्रदान करती है, इसलिए यह आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संचालन एमजेएमसी की स्टूडेंट सिमरन राय और एमकॉम स्टूडेंट नैना चौधरी ने किया।

## BITS बनाएगा पवन सुरंग

**जयपुर।** बिट्स पिलानी अपने हैदराबाद परिसर में भारत की सबसे महत्वपूर्ण और सबसे बड़ी पवन सुरंग (विंड टनल) सुविधाओं में से एक का निर्माण करेगा। यह टनल उड़ान की गतिशीलता में अहम अंतर्दृष्टि प्रदान करेगी और यहां एयरोस्पेस अनुसंधान को बढ़ाएगी।



संस्थान की ओर से प्राप्त जानकारी के मुताबिक इस अत्याधुनिक परियोजना के अगले वर्ष के भीतर पूरा होने की उम्मीद है। संस्थान ने एक बयान में कहा कि 220 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवा को गति देने की क्षमता के साथ, बिट्स पिलानी पवन सुरंग उड़ान की गतिशीलता में अंतर्दृष्टि प्रदान करेगी। यह सुरंग पूर्ण पैमाने पर ड्रोन, ऑटोमोबाइल, पैराशूट और इलेक्ट्रिक वाहन बैटरी प्रबंधन प्रणालियों सहित विभिन्न विषयों पर वायुगतिकीय प्रभावों का परीक्षण करने में सक्षम होगी। विज्ञप्ति में कहा गया कि यह न केवल ड्रोन व स्वचालित विमानों के क्षेत्र में अनुसंधान को बढ़ावा देगा बल्कि छात्रों और कंपनियों के लिए प्रयोग करने और नए विचार उत्पन्न करने के लिए एक मंच के रूप में भी काम करेगा।

### NEET-UG आयुष काउंसलिंग

## फर्स्ट राउंड रजिस्ट्रेशन बंद, पहला रिजल्ट 7 को

**जयपुर।** आयुष प्रवेश केंद्रीय परामर्श समिति (एएसीसीसी) की ओर से चल रहे NEET-UG 2023 काउंसलिंग के पहले दौर के लिए रजिस्ट्रेशन सोमवार को बंद हो गए। काउंसलिंग रजिस्ट्रेशन के साथ ही चॉइस फिलिंग और लॉकिंग प्रक्रिया भी सोमवार को ही बंद हो गई। राउंड-1 के कॉलेज अलॉटमेंट रिजल्ट 7 सितंबर को घोषित किए जाएंगे।

काउंसलिंग के राउंड-2 की प्रक्रिया 20 सितंबर से शुरू होगी। उम्मीदवार 20 से 24 सितंबर तक रजिस्ट्रेशन कर पाएंगे। चॉइस फिलिंग व लॉकिंग 21 से 24 सितंबर तक होगी। सीट अलॉटमेंट रिजल्ट 27 सितंबर को घोषित होंगे। अलॉटेड कॉलेज में स्टूडेंट्स 28 सितंबर से 5 अक्टूबर तक रिपोर्टिंग कर पाएंगे। काउंसलिंग के राउंड-3 की प्रक्रिया 12 से 15 अक्टूबर तक रजिस्ट्रेशन के साथ शुरू होगी।

इस राउंड के सीट अलॉटमेंट रिजल्ट 18 अक्टूबर को घोषित होंगे व रिपोर्टिंग 19 से 26 अक्टूबर तक होगी। गौरतलब है कि इस काउंसलिंग के माध्यम से NEET-UG क्वालिफाई कर चुके स्टूडेंट्स को देश के आयुर्वेदिक, वेटरनरी, होम्योपैथिक व यूनानी मेडिकल कॉलेजेज में प्रवेश दिया जा रहा है।


राजस्थान आवासन मण्डल
हमारा प्रयास - सबको आवास

योजना प्रारंभ दिनांक: 19 जून, 2023

जयपुर के प्रताप नगर में हल्दी घाटी मार्ग पर स्थित
देश के पहले कोचिंग हब में
निर्मित संस्थानिक सम्पत्तियों को अब तृतीय चरण में
इच्छानुसार पाने का सुनहरा मौका

" खुद चुनो–खुद खरीदो "

आकर्षक ब्याज दरों पर बैंक लोन उपलब्ध




सोमवार से बुधवार ऑनलाइन आवेदन करें

ऑनलाइन आवेदन
प्रत्येक
सोमवार प्रात: 10:00 बजे से
बुधवार सायं 4:00 बजे तक

'ओपन काउंटर सेल'
की तर्ज पर
तीसरे चरण का आवंटन

आवंटन का दिवस और समय
प्रत्येक
बुधवार को सायं 4:30 बजे

मनचाही निर्मित संस्थानिक सम्पत्ति का चयन करें
• मौका देखकर
• मंडल की वेबसाइट पर

उपलब्ध कोचिंग परिसरों (सम्पत्तियों) का विवरण :-

| क्र.सं. | निर्मित क्षेत्रफल का वर्गीकरण | उपलब्ध संख्या | सुपर बिल्टअप क्षेत्रफल (वर्गफीट) | दर प्रति वर्गफीट | कीमत (रूपये में) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1(i) | Type-I (Ground & Ist Floor) | 02 | 8025.56 | 4619.69 | 3,70,75,600 |
| 1(ii) | Type-I (Pair) (Ground & Ist Floor) | 03 | 16051.12 | 4619.69 | 7,41,51,200 |
| 1(iii) | Type-I (2nd & 3rd Floor) | 06 | 8025.56 | 4490.69 | 3,60,40,300 |
| 1(iv) | Type-I (Pair) (2nd & 3rd Floor) | 02 | 16051.12 | 4490.69 | 7,20,80,600 |
| 2 (i) | Type-II | 11 | 4012.72 | 4233.86 | 1,69,89,300 |
| 2 (ii) | Type-II (Pair) | 06 | 8025.44 | 4233.86 | 3,39,78,600 |
| 3 | Type-III | 14 | 2808.79 | 4233.92 | 1,18,92,200 |
| 4 | Type-IV | 09 | 2409.91 | 4233.85 | 1,02,03,200 |
| 5 | Type-V | 13 | 2424.65 | 4233.84 | 1,02,65,600 |

नोटः- उपरोक्त कीमत के अतिरिक्त नगर निगम को देय 15 प्रतिशत राशि एवं अन्य विधि व्यय पृथक से देय होंगे।

**शर्तें एवं भुगतान प्रक्रिया:** • पंजीकरण हेतु आवेदन शुल्क 5000/- रूपये (18%GST अतिरिक्त) • प्रोसेसिंग फीस राशि 10000/- (18% GST अतिरिक्त) • 50 प्रतिशत राशि (पंजीकरण राशि समायोजित करते हुए) आवंटन पत्र जारी होने की तिथि से 120 दिवस में जमा करानी होगी। • शेष 50 प्रतिशत राशि आवंटन पत्र जारी होने की तिथि से 180 दिवस में जमा करानी होगी। • आवंटन पश्चात् संस्था आवंटित क्षेत्रफल में आन्तरिक साज-सज्जा का कार्य करवा सकेगी। परन्तु आवंटित सम्पत्ति का विधिवत कब्जा सम्पूर्ण राशि जमा कराने के पश्चात् ही दिया जा सकेगा। • आवंटी संस्था द्वारा विधिवत कब्जा प्राप्त करने से तीन माह की अवधि में संस्था संचालन की कार्यवाही करनी अनिवार्य होगी।

किसी सम्पत्ति के लिए एकल आवेदन आने पर बिना लॉटरी के एवं एक से अधिक आवेदन आने पर लॉटरी से आवंटन किया जाएगा।

संस्थानिक सम्पत्ति के चयन के लिए मौके पर स्थापित "हेल्प डेस्क" पर संपर्क करें

अब तक 63 यूनिट्स कोचिंग संचालकों को आवंटित, शेष यूनिट्स के लिए आवेदन आमंत्रित हैं।

**हेल्पलाइन नं.** कार्यालय समय में: **0141-2744688, 2740009** कार्यालय समय उपरान्त: **9461054291/92/319** एवं **9460254319,** शांतनु वार्ष्णेय **(9983131666),** पवन सोनी **(8852000770)** या समन्वयक अधिकारी श्री भारत भूषण जैन **(9828363615)** से सम्पर्क करें

Rera Reg. No.: RAJ/P/2022/2068 | RERA Website: http://rera.rajasthan.gov.in

RHB वेबसाइट के लिए Scan करें

मौके की हेल्प डेस्क की लोकेशन के लिए Scan करें

अधिक जानकारी एवं ऑनलाइन आवेदन के लिए RHB की वेबसाइट
www.urban.rajasthan.gov.in/RHB देखें।


### जुटे देसी-विदेशी विशेषज्ञ

# इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस में प्रस्तुत किए 70 रिसर्च पेपर

बेधड़क | जयपुर


पूर्णिमा इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी के मैथमेटिक्स डिपार्टमेंट की ओर से 'मैथमेटिक्स, मॉडलिंग एंड स्टेटिस्टिक्स' विषय पर दो दिवसीय इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस आयोजित की गई।



यूनिवर्सिटी ऑफ टेक्नोलॉजी एंड एप्लाइड साइंसेज, मस्कट, ओमान तथा शिक्षा 'ओ' रिसर्च यूनिवर्सिटी, भुवनेश्वर के सहयोग से हाइब्रिड मोड पर आयोजित इस कॉन्फ्रेंस में 70 रिसर्च पेपर प्रस्तुत किए गए। इंडियन सोसाइटी फॉर टेक्निकल एजुकेशन (आईएसटीई), नई दिल्ली के प्रेसीडेंट डॉ. प्रताप सिंह काका साहेब देसाई कॉन्फ्रेंस के उद्घाटन समारोह में गेस्ट ऑफ ऑनर के तौर पर वर्चुअली शामिल हुए। पीआईईटी के प्रिंसिपल व डायरेक्टर डॉ. दिनेश गोयल ने उनका स्वागत किया।

साउथ एशियन यूनिवर्सिटी, नई दिल्ली के मैथेमेटिक्स डिपार्टमेंट के प्रोफेसर डॉ. कपिल शर्मा ने मैथमेटिकल मॉडलिंग के बारे में बात की। इसके बाद तुर्की की बर्सा उलूदग यूनिवर्सिटी के डॉ. इस्माइल नसी कैंगुल का सैशन हुआ।

पीएसएयू, सऊदी अरब के प्रोफेसर डॉ. केएस निसार और यूसीएसआई यूनिवर्सिटी, मलेशिया के डॉ. साथियाराज थम्बिया ने मैथमेटिकल मॉडलिंग की मदद से वर्तमान समय की समस्याओं को हल करने के बारे में जानकारी दी। प्रो. एसआर मिश्रा और डॉ. मिलू आचार्य सहयोगी संस्थानों के प्रतिनिधि के रूप में शामिल हुए।



चित्तौड़गढ़ विधानसभा क्षेत्र के जन जन के लाडले विधायक
श्री चन्द्रभानसिंह "आक्या"
को जन्म दिवस की
हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
शुभेच्छु :-समस्त कार्यकर्ता भारतीय जनता पार्टी विधानसभा क्षेत्र चित्तौड़गढ़

## अरुणाचल को लेकर चीन से मानक मानचित्र पर विवाद

# चीन का हास्यास्पद दावा



प्रमोद भार्गव
वरिष्ठ साहित्यकार व पत्रकार

भारत के साथ चीन हमेशा से दोगला रुख अपनाता रहा है। एक तरफ वह विवादित मुद्दों पर वार्ता की हामी भरकर उन्हें सुलझाने का दावा करता है, वहीं दूसरी तरफ आधारहीन मुद्दों को उठाकर पुराने विवादों को जटिल बनाने का काम करता है। ब्रिक्स सम्मेलन में चीन ने पहले अपने राष्ट्रपति और भारतीय प्रधानमंत्री के साथ वार्ता का अनुरोध किया और फिर पलट गया। इस अनुरोध से लगा था कि चीन का रुख बदल रहा है, लेकिन उसने अपने चालाक चेहरे की बदनीयती उजागर करके जता दिया कि धोखेबाजी से वह बाज आने वाला नहीं है। चीन ने ऐसी ही चालाकी को एक बार फिर पेश करते हुए अपनी पुरानी प्रवृत्ति को दोहराया है।

चीन की ताजा हरकत अपने मानचित्र में भारत के चीन की सीमा से जुड़े राज्य अरुणाचल प्रदेश को दर्शाने के संदर्भ में देखने में आई है। चीन के सरकारी समाचार पत्र ग्लोबल टाइम्स में छपी खबर के अनुसार चीन ने 'राष्ट्रीय मानचित्र जागरूकता प्रचार' सप्ताह के अंतर्गत सोमवार 28 अगस्त 2023 को 'मानक मानचित्र' का नया संस्करण जारी किया है। इसमें उसने अरुणाचल प्रदेश और अक्साई चिन सहित भारत के कई भूखंडों को अपने नक्शे में चित्रित किया है। चीन लद्दाख से लेकर अरुणाचल, सिक्किम और भूटान क्षेत्रों में विभिन्न तरीकों से घुसपैठ करके भारत को परेशानी में डालने का काम पैदा करता ही है, साथ ही वह बीच-बीच में अपने नक्शे में भारतीय जमीन को दिखाकर दस्तावेजी बदलाव की हरकतें भी करता रहता है। लगता है उसके एजेंडे में अवांछित गतिविधियां जारी रखते हुए भारत को चिढ़ाने की आदत सी बन गई है। स्वाभाविक है भारत ने इस हरकत का कड़ा विरोध किया है। विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने कहा है कि 'भारतीय क्षेत्र पर बेतुका दावा करने से कोई हिस्सा चीन का नहीं हो जाता। चीन की यह पुरानी आदत है। लेकिन इससे मौके पर वास्तविकता बदलने वाली नहीं है। हमारी सरकार ठीक से जानती है कि हमारी सरहद कौनसी है।' यह कितनी हास्यास्पद बात है कि कोई देश पड़ोसी देश को उसकी सीमाएं बताने की हिमाकत कर रहा है। चीन की ये हरकतें सीमाई विवादों को सुलझाने की बजाय और उलझाने का काम कर रही हैं।

यह पूरी दुनिया जानती है कि अरुणाचल और अक्साई चिन भारत के अविभाज्य हिस्से हैं। लिहाजा अपनी मंशानुसार बनाया गया कोई भी मानचित्र जमीनी सच्चाई को बदल नहीं सकता। चीन ऐसी हरकतें लगातार दोहराता रहा है। उसने गूगल अर्थ से होड़ बररते हुए एक ऑनलाइन मानचित्र सेवा कुछ साल पहले शुरू की थी। जिसमें भारतीय भू-भाग अरुणाचल और अक्साई चिन को चीन ने अपने हिस्से में दर्शाया था। विश्व मानचित्र खण्ड में इसे चीनी भाषा में दर्शाते हुए अरुणाचल प्रदेश को दक्षिणी तिब्बत का हिस्सा बताया गया था, जिस पर चीन का दावा पहले से बना हुआ है। वह अरुणाचलवासियों को चीनी नागरिक भी मानता है। उसने इसी क्रम में हाल ही में अरुणाचल के कुछ खिलाड़ियों को नत्थी वीजा जारी करने की हरकत की थी।

> वह अरुणाचलवासियों को चीनी नागरिक भी मानता है। उसने इसी क्रम में हाल ही में अरुणाचल के कुछ खिलाड़ियों को नत्थी वीजा जारी करने की हरकत की थी। नतीजतन, भारत ने इन खिलाड़ियों के साथ अन्य खिलाड़ियों को भी चीन जाने से रोक दिया था। यही नहीं चीन की एक साम्यवादी रुझान की पत्रिका में वहां की एक कम्युनिस्ट पार्टी के नेता का लेख छपा था कि भारत को पांच टुकड़ों में बांट देना चाहिए। अब सवाल उठता है कि भारत इस कुटिल मंशा का जवाब किस लहजे और भाषा में दे? यहां यह भी गौरतलब है कि साम्यवादी देशों की हड़प नीति के चलते ही छोटा सा देश चेकोस्लोवाकिया बरबाद हुआ।

नतीजतन भारत ने इन खिलाड़ियों के साथ अन्य खिलाड़ियों को भी चीन जाने से रोक दिया था। यही नहीं चीन की एक साम्यवादी रुझान की पत्रिका में वहां की एक कम्युनिस्ट पार्टी के नेता का लेख छपा था कि भारत को पांच टुकड़ों में बांट देना चाहिए। अब सवाल उठता है कि भारत इस कुटिल मंशा का जबाव किस लहजे और भाषा में दे? यहां यह भी गौरतलब है कि साम्यवादी देशों की हड़प नीति के चलते ही छोटा सा देश चेकोस्लोवाकिया बरबाद हुआ। चीनी दखल के चलते बरबादी की इसी राह पर नेपाल, श्रीलंका और पाकिस्तान हैं। चीन ने इस देशों को संरचनात्मक विकास के बहाने कर्ज के जाल में फंसाकर बर्बादी के रास्ते खोले हुए हैं। दरअसल चीन भारत के बरक्ष बहरुपिया का चोला ओढ़े हुए है।




> चीन ने इस क्षेत्र में कुछ सालों के भीतर ही 80 अरब डॉलर का पूंजीनिवेश कर दिया। चीन की पीओके में शुरू हुई गतिविधियां सामाजिक दृष्टि से चीन के लिए हितकारी हैं। यहां से वह अरब सागर पहुंचने की जुगाड़ में है। इसी क्षेत्र में चीन ने सीधे इस्लामाबाद पहुंचने के लिए काराकोरम सड़क मार्ग भी तैयार कर लिया है। इस दखल के बाद चीन ने पीओके क्षेत्र को पाकिस्तान का हिस्सा भी मानना शुरू कर दिया है।

एक तरफ वह पड़ोसी होने के नाते दोस्त की भूमिका में पेश आता है, ढाई हजार साल पुराने भारत चीन के सांस्कृतिक संबंधों के बहाने हिंदी-चीनी भाई-भाई का राग अलाप कर भारत से अपने कारोबारी हित साध लेता हैं। चीन का दूसरा मुखौटा दुश्मनी का है, जिसके चलते वह पूरे अरुणाचल पर अपना दावा ठोकता है। साथ ही उसकी यह मंशा भी हमेशा रही है कि भारत न तो विकसित हो और ना ही चीन की तुलना में भारतीय अर्थव्यवस्था मजबूत हो। इस दृष्टि से वह पाक अधिकृत कश्मीर, लद्दाख और अरुणाचल में अपनी नापाक मौजदूगी दर्ज कराकर भारत को परेशान करता रहता है। इन बेजा हरकतों की प्रतिक्रिया में भारत द्वारा विनम्रता बरते जाने का लंबा इतिहास रहा है, इसी का परिणाम है कि चीन आक्रामकता दिखाने से बाज नहीं आता। ऐसे में कांग्रेस नेता राहुल गांधी की अनर्गल मिथ्या बयानबाजी चीन को उकसाने का काम करती है। हाल ही में अपनी लद्दाख यात्रा में राहुल ने बयान दिया कि चीन ने गलवन और लद्दाख में हमारी जमीन हड़प ली है। दरअसल चीन का लोकतंत्रिक स्वांग उस सिंह की तरह है जो गाय का मुखौटा ओढ़कर धूर्तता से दूसरे प्राणीयों का शिकार करने का काम करता है। इसका नतीजा है कि चीन 1962 में भारत पर आक्रमण करता है और पूर्वोत्तर सीमा में 40 हजार वर्ग किलोमीटर जमीन हड़प लेता है। कैलाश मानसरोवर जो भगवान शिव के आराध्य स्थल के नाम से हमारे प्राचीन संस्कृत ग्रंथों में दर्ज है, सभी ग्रंथों में इसे अखंड भारत का हिस्सा बताया गया है। लेकिन भगवान भोले भंडारी अब चीन के कब्जे में हैं। चीन की दोगलाई कूटनीति तमाम राजनीतिक मुद्दों पर साफ दिखाई देती है।

चीन बार-बार जो आक्रामकता दिखा रहा है, इसकी पृष्ठभूमि में उसकी बढ़ती ताकत और बेलगाम महत्वाकांक्षा है। यह भारत के लिए ही नहीं दुनिया के लिए चिंता का कारण बनी हुई है। दुनिया जनती है कि भारत-चीन की सीमा विवादित है। सीमा विवाद सुलझाने में चीन की कोई रुचि नहीं हैं। वह केवल घुसपैठ करके अपनी सीमाओं के विस्तार की मंशा पाले हुए है। चीन भारत से इसलिए नाराज है, क्योंकि उसने जब तिब्बत पर कब्जा किया था, तब भारत ने तिब्बत के धर्मगुरू दलाई लामा के नेतृत्व में तिब्बतियों को भारत में शरण दी थी। जबकि चीन की इच्छा है कि भारत दलाई लामा और तिब्बतियों द्वारा तिब्बत की आजादी के लिए लड़ी जा रही लड़ाई की खिलाफत करे। दरअसल भारत ने तिब्बत को लेकर शिथिल व असमंजस की नीति अपनाई है। जब हमने तिब्बतियों को शरणार्थियों के रूप में जगह दे दी थी, तब तत्कालीन प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू को तिब्बत को स्वतंत्र देश मानते हुए अंतरराष्ट्रीय मंच पर समर्थन की घोषणा करने की जरूरत थी। डॉ. राममनोहर लोहिया ने संसद में इस आशय का बयान भी दिया था। लेकिन ढुलमुल नीति के कारण नेहरू ऐसा नहीं कर पाए ? इसके दुष्परिणाम भारत आज भी झेल रहा है? यदि उस समय तिब्बत को स्वतंत्र राष्ट्र का दर्जा दे दिया होता तो भारत से पहले तिब्बत-चीन सीमा पर तिब्बती लड़ते रहते और हम तिब्बत को आर्थिक और सामरिक मदद करते रहते। चीन कूटनीति के स्तर पर भारत को हर जगह मात दे रहा है।

पाकिस्तान ने 1963 में पाक अधिकृत कश्मीर का 5180 वर्ग किमी क्षेत्र चीन को भेंट कर दिया। तब से चीन पाक का मददगार हो गया। चीन ने इस क्षेत्र में कुछ सालों के भीतर ही 80 अरब डॉलर का पूंजी निवेश कर दिया। चीन की पीओके में शुरू हुई गतिविधियां सामाजिक दृष्टि से चीन के लिए हितकारी हैं। यहां से वह अरब सागर पहुंचने की जुगाड़ में जुट गया है। इसी क्षेत्र में चीन ने सीधे इस्लामाबाद पहुंचने के लिए काराकोरम सड़क मार्ग भी तैयार कर लिया है। इस दखल के बाद चीन ने पीओके क्षेत्र को पाकिस्तान का हिस्सा भी मानना शुरू कर दिया है। यही नहीं चीन ने भारत की सीमा पर हाईवे बनाने की राह में आखिरी बाधा भी पार कर ली है। चीन ने समुद्र तल से 3750 मीटर की उंचाई पर बर्फ से ढके गैलोंग्ला पर्वत पर 33 किमी लंबी सुरंग बनाकर इस बाधा को दूर कर दिया है। यह सड़क सामरिक नजरिए से बेहद महत्वपूर्ण है, क्योंकि तिब्बत में मोशुओ काउंटी भारत के अरूणाचल का अंतिम छोर है। अभी तक यहां कोई सड़क मार्ग नहीं था। गोया, समय आ गया है कि भारत तिब्बत को लेकर स्पष्ट नीति का खुलासा करे और दूसरी तरफ ताइवान से भी प्रगाढ़ता बढ़ाए।

**(ये लेखक के अपने विचार हैं)**

## व्यंग्य

# गुम होना डिजिटल दास की हस्तरेखाओं का !



प्रभात गोस्वामी
व्यंग्यकार

सोशल मीडिया के नशे में आकंठ डूबे डिजिटल दास की दुनिया, मोबाइल के पर्दे में पूरी तरह से कैद है। सुबह से अर्ध रात्रि तक उसकी नजरें स्क्रीन पर ही टिकी रहतीं हैं। उसे टुन्न-टुन्न की आवाज के आगे दुनिया का शोर भी सुनाई नहीं पड़ता। अंततः जब आँखें थककर चूर होकर निढाल हो जाती हैं, तब जाकर मोबाइल को भी चैन मिलता प्रतीत होता है। हाथ से छूटकर वह भी दो पल सांस लेना चाहता है।

दिन-रात हाथ से चिपककर कसमसाता मोबाइल भगवान से मुक्ति की प्रार्थना करता रहता है। पर उसकी चिंता को पॉवर बैंक बढ़ा देता है, जो मोबाइल को बंद ही नहीं होने देता। डिजिटल दास हाथ में अपनी माशूका के हाथ-सा अहसास लिए, मोबाइल को कच्ची नींद में भी कसकर पकड़े रहता है, छोड़ता ही नहीं।


इस बीच डिजिटल दास की दो माशूकाओं- चंद्रमुखी और पारो ने भी उसकी इस हालत को देखते हुए, अपनी-अपनी सिम बदल लीं थीं। तब जाकर डिजिटल दास को अपने भविष्य की चिंता सताने लगी। वैसे हमारे देश में फिलहाल भविष्य की चिंता सभी को है, पर नेताओं को एक देश, एक चुनाव के भय से यह चिंता ज्यादा सता रही है।

पस्त होकर डिजिटल दास एक हस्तरेखा विशेषज्ञ पंडित भोमिया महाराज की शरण में पहुंचा। ऊंचे आसन पर विराजमान ज्योतिषाचार्य को दंडवत किया। जमीन पर बैठकर उसने कहा- महाराज अपने भविष्य के बारे में कुछ पूछूं इससे पूर्व मेरे अतीत के बारे में हाथ देखकर कुछ बताइए।' उसने पंडितजी के आगे हाथ फैलाते हुए, परीक्षा लेने के मूड से दक्षिणा का पहला निवाला आगे बढ़ाया। 'बच्चे मैं जो पूछूं उसका जवाब हां या ना में देना।' दक्षिणा डकारते हुए वह बोले- 'जी महाराज।'


वह उत्सुकता से बोला। 'तुम्हारे पिता की मृत्यु पांच साल पूर्व हुई थी और माता तीन साल पूर्व स्वर्ग सिधारी थीं?' 'जी महाराज, एकदम सही।' उसने आश्चर्य से हामी भरी। 'तुम्हारी दो माशूकाओं ने उन पर बिल्कुल भी ध्यान नहीं देने पर तुम्हारा हाथ छोड़कर, दूसरों का साथ चुन लिया है?' 'हां, महाराज।' वह दुखी होकर बोला। 'हाल ही में तुम्हारी एक बड़ी असफलता के बाद, सोशल मीडिया पर तुम्हारे दस हजार प्रशंसक, घटकर मात्र पांच सौ ही रह गए?' महाराज ने कड़वा सच बताया। 'जय हो , महाराज। आप अंतर्यामी हैं। लोग सफलता के पीछे भागते हैं। जल्दी पाला बदल लेते हैं। कमाल है। आपने मेरे अतीत के बारे में सच-सच बताया है।' उसने कहा। 'बेटा, तुम्हारी हथेली में मोबाइल चिपक गया है। उसके नशे में तुम ये देख ही नहीं पा रहे हो कि ये बातें मैंने तुम्हारे फेसबुक खाते में उपलब्ध जानकारी देखकर दी हैं। ऐसे में तुम्हारी हस्त रेखाएं कैसे देखूं?' ज्योतिषाचार्य ने अमूजते हुए कहा। 'कोई बात नहीं आदरणीय, अब आप हाथ की रेखाएं देखकर बताएं कि मेरा भविष्य कैसा रहेगा?' दक्षिणा की दूसरी किस्त देते हुए वह बोला। ज्योतिषाचार्य ने डिजिटल दास के हथेली पर चिपके मोबाइल को जोर से खींचकर उठाया। वह यह देखकर आश्चर्य चकित हो गए कि उसके हाथ में रेखाएं थीं ही नहीं!! ज्योतिष के अपने धंधे में वह इतने अंधे भी नहीं हुए थे कि बिना रेखाओं का हाथ नहीं देख पाएं! कुछ देर वह किंकर्तव्यविमूढ़ होकर सोचते रहे। ज्योतिषीय इतिहास की यह पहली घटना थी। अचानक उन्होंने मोबाइल की पीठ पर कैमरे के लैंस के नीचे नजरें डालीं। डिजिटल दास के हाथ की सारी रेखाएं वहां चिपकी हुई मिलीं। 'बेटा, जब तक तू मोबाइल के नशे में डूबा रहेगा। तेरा कोई भविष्य नहीं, पर हमारा भविष्य चमकता रहेगा।' दक्षिणा जेब में डालते हुए ज्योतिषाचार्य ने मन ही मन खुद से कहा।



**नरेंद्र मोदी,** प्रधानमंत्री
@narendramodi
छत्तीसगढ़ की मौजूदा सरकार के खिलाफ जनता-जनार्दन का यह आरोप पत्र हर क्षेत्र में राज्य की बदहाली को उजागर करता है।



**अशोक गहलोत,** मुख्यमंत्री
@ashokgehlot51
राजस्थान... लगे कुछ अपना सा! हम गर्व से कह सकते हैं कि रंग की भूमि 'अतिथि देवो भव' को साकार रूप दे रही है।



**जगदीश वासुदेव,** योग गुरु
@SadhguruJV
विविधता एक ताकत है. यह इस संस्कृति में समृद्धि से उत्पन्न हुआ है, विभाजन से नहीं।



**अरुण गोविल,** अभिनेता
@arungovil12
धर्म पथ पर जब हम ईश्वर के आदर्शों के साथ चलते हैं, तो हमारा जीवन अपने आप में एक उपहार बन जाता है।



**गौर गोपाल दास,** आध्यात्मिक गुरु
@gaurgopald
अधिक चाहना या अधिक का पीछा करना तभी एक समस्या है, जब हम अधिक के पीछे भागने में, जो हमारे पास पहले से है उसमें अपनी खुशी और खुशी ढूंढना भूल जाते हैं।

## नॉलेज कॉर्नर: उत्तराखंड के छह हजार परिवारों ने मिलकर बनाया यह मंदिर

# अब भारत में भगवान बदरीनाथ के दो मंदिर

भारत में चार धाम का विशेष महत्व है। यूं तो हिंदुओं की अराधना का स्थान बदरीनाथ का मंदिर पूरे देश में सिर्फ उत्तराखंड में ही है। जहां भगवान विष्णु के एक रूप 'बद्रीनारायण' के दर्शनों को लोग देशभर के राज्यों से कई किलोमीटर का सफर तय कर यहां आते हैं, लेकिन हूबहू बदरीनाथ जैसा दिखने वाला एक मंदिर दक्षिण भारत के राज्य तेलंगाना की राजधानी हैदराबाद में भी है, जिसे बदरीनाथ मंदिर का 'डुप्लीकेट' या 'रेपलिका' भी कहा जाता है। यहां रह रहे 6 हजार उत्तराखंडी परिवारों की भगवान बदरीनाथ के प्रति अपार आस्था के चलते ही उन्होंने बदरीनाथ जैसा मंदिर यहां बनवा दिया। इस बारे में विस्तार से जानते हैं आज के नॉलेज कॉर्नर में...

### 6750 वर्ग फीट में बना है मंदिर

मंदिर का निर्माण श्रद्धालुओं के दान से उत्तराखंड कल्याणकारी संस्था की ओर से किया गया है। संस्था के अध्यक्ष विक्रम सिंह उनाल हैं। भगवान बदरीनाथ का दो मंजिला मंदिर 6750 वर्ग फीट में बना हुआ है। इसकी ऊंचाई करीब 50 फीट है। भूतल पर मंदिर का भव्य हॉल बनाया गया है, जहां करीब 350 लोगों के बैठने की व्यवस्था है। पहली मंजिल पर भगवान बदरीनाथ की मूर्ति है। इसमें भगवान गणेश, कुबेर, बलराम, देवी लक्ष्मी, नर-नारायण, नारद और गरुड़ की मूर्तियां



भी हैं। परिसर में भगवान गणेश, देवी लक्ष्मी और नवग्रहों के लिए अलग-अलग मंदिर बनाए गए हैं। मंदिर की ऊंचाई उत्तराखंड स्थित मूल बदरीनाथ मंदिर के समान 100% है। मंदिर का निर्माण 2018 में शुरू हो गया था। मंदिर के पास ही 7200 वर्ग फीट में कम्युनिटी हॉल बनाया गया है। मंदिर को 1800 वर्ग फीट जमीन दान में मिली थी।

### वर्षभर खुलता है मंदिर

वैसे तो उत्तराखंड के बदरीनाथ धाम के कपाट शीतकाल में बंद कर दिए जाते हैं। ऐसा वहां के मौसम और श्रद्धालुओं की सुरक्षा के मद्देनजर किया जाता है, लेकिन हैदराबाद स्थित ये बदरीनाथ मंदिर पूरे वर्ष भक्तों के लिए खुला रहता है, क्योंकि हैदराबाद में भक्तों को खराब मौसम की कोई समस्या नहीं होती। मंदिर के मुख्य आर्किटेक्ट रोशन सिंह नेगी और इनके सहयोगी बलवीर प्रसाद पैनूली हैं। ये दोनों पूर्व सैनिक हैं। अनिल चंद्र पुनेठा और राजीव बेजवाल मंदिर के मुख्य संरक्षक हैं। उत्तराखंड के बदरीनाथ धाम में मनाए जाने वाले सभी उत्सव हैदराबाद में भी मनाए जाते हैं। इस मंदिर में भी पूजा-पाठ से जुड़े सभी कार्यक्रम उसी तरह होते हैं, जैसे बदरीनाथ धाम में होते हैं।

### हैदराबाद में 6000 उत्तराखंडी परिवार

*हैदराबाद में उत्तराखंड के करीब 6 हजार परिवार रहते हैं। इनमें काफी लोग शासकीय और अशासकीय संस्थाओं में प्रमुख पदों पर कार्यरत हैं। उत्तराखंड के इन्हीं लोगों की ओर से दी गई दानराशि से मंदिर बनवाया गया है। तेलंगाना चार पीढ़ियों से रह रहे लगभग 25,000 उत्तराखंडी परिवारों की कर्मभूमि है।*

*कंटेंट: सुप्रिया सरकार*

**तेलंगाना: प्रचार अभियान के आगाज की तैयारी में जुटी कांग्रेस, तीन दिन तक रहेगा जमावड़ा**

# हैदराबाद में कार्य समिति की बैठक 16 को, रणनीति पर होगा मंथन

**एजेंसी** | नई दिल्ली

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने आगामी 16 सितंबर को हैदराबाद में नवगठित कार्य समिति की बैठक बुलाई है और इसके अगले दिन तेलंगाना में ही पार्टी की एक विशाल जनसभा आयोजित होगी। माना जा रहा है कि कार्य समिति की बैठक, जनसभा और मार्च के जरिये कांग्रेस तेलंगाना विधानसभा चुनाव के लिए अपने प्रचार अभियान का विधिवत आगाज करेगी। राज्य में इस साल के आखिर में विधानसभा चुनाव प्रस्तावित है।



पार्टी के संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल ने सोमवार को संवाददाताओं से कहा, 17 सितंबर को विस्तारित कार्य समिति की बैठक होगी। इसी दिन शाम को हैदराबाद के निकट एक विशाल जनसभा होगी।, तेलंगाना राष्ट्रीय एकता दिवस के ऐतिहासिक अवसर पर हम हैदराबाद के पास एक विशाल रैली आयोजित करेंगे, जहां हम तेलंगाना के लिए 5 गारंटी की घोषणा करेंगे।

## कार्यकर्ता 18 को बांटेंगे आरोप पत्र

वेणुगोपाल ने कहा, 18 सितंबर को मौजूदा सांसदों के अलावा सभी नेता कार्यकर्ता बैठक करेंगे और सुबह घर-घर जाकर बीआरएस सरकार के खिलाफ आरोपपत्र बांटेंगे। उस दिन दोपहर के भोजन के बाद वे स्थानीय प्रभावशाली लोगों से बातचीत करेंगे। हर निर्वाचन क्षेत्र में महात्मा गांधी, बीआर अंबेडकर की प्रतिमा के निकट मार्च का समापन होगा।

## 722 जिलों में पदयात्राएं निकालेगी कांग्रेस

वेणुगोपाल ने बताया कि कांग्रेस अपनी 'भारत जोड़ो यात्रा' के एक साल पूरा होने के अवसर पर आगामी सात सितंबर को देश के 722 जिलों में पदयात्राएं निकालेगी। उन्होंने कहा कि 'भारत जोड़ो यात्रा' से कांग्रेस के कार्यकर्ताओं का उत्साह बढ़ा है । उन्होंने कहा कि सात सितंबर को शाम 5 बजे से 6 बजे के बीच पार्टी नेताओं, कांग्रेस कार्य समिति के सदस्यों, विधायक दल के नेताओं, प्रदेश कांग्रेस कमेटी प्रमुखों, राज्य प्रभारियों, विधायकों और सांसदों के नेतृत्व में देश भर में पदयात्रा निकाली जाएगी।

## कांग्रेस की सीईसी का पुनर्गठन, खरगे-सोनिया और राहुल 16 नेताओं को जगह

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने सोमवार को अपनी केंद्रीय चुनाव समिति का पुनर्गठन किया, जिसमें पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी और राहुल गांधी समेत कुल 16 नेताओं को शामिल किया गया। पार्टी के संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल ने यह जानकारी दी है। नई सीईसी में खरगे, सोनिया और राहुल के अलावा वेणुगोपाल, अंबिका सोनी, अधीर रंजन चौधरी, मधुसूदन मिस्त्री, उत्तम कुमार रेड्डी, टी एस सिंह देव, सलमान खुर्शीद, केजे जॉर्ज, प्रीतम सिंह, मोहम्मद जावेद, अमी याजनिक, पीएल पूनिया और ओमकार मरकाम को शामिल किया गया है। सीईसी चुनावों में उम्मीदवारों के नाम अंतिम मुहर लगाती है। इसमें पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह, वरिष्ठ नेता ए के एंटनी, गिरिजा व्यास, मुकुल वासनिक, वीरप्पा मोइली, मोहसिना किदवई और जनार्दन द्विवेदी शामिल नहीं हैं। वे पिछली सीईसी में शामिल थे।

## संसद के विशेष सत्र पर आज तय होगी रणनीति

कांग्रेस और विपक्षी गठबंधन इंडिया के अन्य घटक दल संसद के विशेष सत्र के लिए मंगलवार को अपनी रणनीति तय करेंगे। कांग्रेस संसदीय दल की प्रमुख सोनिया गांधी की अगुवाई में मंगलवार शाम पार्टी की संसदीय रणनीति समूह की बैठक होगी। इसके बाद कांग्रेस अध्यक्ष खरगे ने ' इंडिया ' के घटक दलों के सदन नेताओं की बैठक बुलाई है।

## ओडिशा: पूर्व हॉकी कप्तान प्रबोध तिर्की कांग्रेस में शामिल



**भुवनेश्वर।** भारतीय हॉकी टीम के पूर्व कप्तान प्रबोध तिर्की सोमवार को यहां कांग्रेस में शामिल हो गए। ओडिशा प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष शरत पटनायक, प्रदेश के प्रभारी ए चेल्ला कुमार और अन्य वरिष्ठ नेताओं की मौजूदगी में उन्होंने कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण की। पूर्व हॉकी खिलाड़ी ने आदिवासी बहुल सुंदरगढ़ जिले में तलसारा सीट से अगले साल होने वाला विधानसभा चुनाव लड़ने की इच्छा जताई है। तिर्की ने कहा कि वह राहुल गांधी के काम से काफी प्रभावित हुए हैं, जिसके कारण उन्होंने कांग्रेस में शामिल होने का फैसला लिया। उन्होंने यह भी कहा कि उनके परिवार का कांग्रेस से लंबे समय से जुड़ाव रहा है।

## भागवत का बयान निरर्थक, हम हैं भारतीय, हिंदू नहीं



**नई दिल्ली।** प्रमुख मुस्लिम संगठन जमीयत उलेमा-ए-हिंद के प्रमुख मौलाना अरशद मदनी ने 'हर भारतीय के हिंदू होने' संबंधी राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक मोहन भागवत के बयान को निरर्थक करार देते हुए सोमवार को आरोप लगाया कि संघ देश में शांति, सद्भाव और भाईचारे को लेकर अपनी प्रतिबद्धता से पीछे हट गया है। हम हिंदी (भारतीय) हैं, हिंदू नहीं। मदनी ने संवाददाताओं से बातचीत में विपक्षी गठबंधन इंडिया का समर्थन भी किया और कहा कि देश में नफरत का माहौल खत्म करने के लिए राजनीतिक बदलाव जरूरी है।

मदनी ने कहा, आरएसएस नेताओं के बयानों से साफ है कि वे सांप्रदायिक सौहार्द नहीं चाहते।

**उप चुनाव: 6 राज्यों की 7 विस सीटों पर पड़ेंगे वोट**

# 'इंडिया' की राजग से आज होगी पहली चुनावी टक्कर

**एजेंसी।** लखनऊ/अगरतला

छह राज्यों की सात विधानसभा सीटों पर हो रहे उपचुनाव के लिए मंगलवार वोट डाले जाएंगे। केंद्र में सत्तारूढ़ भाजपा का एकजुट होकर मुकाबला करने के लिए विपक्षी दलों के नए गठबंधन 'इंडिया' की यह पहली चुनावी परीक्षा मानी जा रही है।

विपक्षी गठबंधन उत्तर प्रदेश की घोसी सीट, झारखंड की डुमरी, त्रिपुरा की धनपुर और बॉक्सनगर और उत्तराखंड की बागेश्वर सीट पर संयुक्त रूप से मुकाबला कर रहा है जबकि पश्चिम बंगाल के धूपगुड़ी और केरल के पुथुपल्ली में गठबंधन के घटक ही एक-दूसरे के खिलाफ चुनाव लड़ रहे हैं।

इन सीटों पर मतगणना आठ सितंबर को होगी। उत्तर प्रदेश की घोसी सीट समाजवादी पार्टी (सपा) के विधायक और ओबीसी नेता दारा सिंह चौहान के इस्तीफे के बाद खाली हुई थी। वह सपा छोड़ भाजपा में शामिल हो गए। सत्तारूढ़ भाजपा के नेतृत्व वाले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन ने चौहान को मैदान में उतारा है जबकि सपा उम्मीदवार सुधाकर सिंह को कांग्रेस और वाम दलों ने समर्थन दिया है। चौहान योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व वाली पिछली भाजपा सरकार में मंत्री थे। उन्होंने 12 जनवरी 2022 को मंत्रिपरिषद से इस्तीफा दे दिया था और सपा में शामिल हो गये थे। उत्तर बंगाल में धूपगुड़ी विधानसभा क्षेत्र में तृणमूल कांग्रेस, भाजपा और कांग्रेस समर्थित मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) के बीच त्रिकोणीय मुकाबला है।तृणमूल कांग्रेस ने 2016 में इस सीट से जीत दर्ज की थी लेकिन 2021 के चुनाव में भाजपा ने यह सीट उससे छीन ली थी।




## त्रिपुरा: टिपरा मोथा व कांग्रेस चुनाव से दूर

त्रिपुरा के सिपाहीजला जिले की धनपुर और बॉक्सानगर विधानसभा सीटों पर मुख्यमंत्री माणिक साहा ने पार्टी के प्रचार अभियान का नेतृत्व किया। मुख्य विपक्षी दल टिपरा मोथा और कांग्रेस इससे दूर रहे हैं। त्रिपुरा प्रदेश कांग्रेस ने रविवार को लोगों से इन दो सीटों पर विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' के उम्मीदवारों को वोट देने का आग्रह किया। फरवरी में हुए विधानसभा चुनाव में भाजपा के उम्मीदवार के तौर पर हार गए तफज्जल हुसैन अल्पसंख्यक बहुल बॉक्सानगर निर्वाचन क्षेत्र में माकपा के मिजान हुसैन से मुकाबला करेंगे। इस सीट को अभी भी वाम दलों का गढ़ माना जाता है। कभी वामपंथियों का मजबूत गढ़ रहा धनपुर में भाजपा की बिंदु देबनाथ का मुकाबला माकपा के कौशिक देबनाथ के साथ है।

**मराठा आरक्षण के मसले पर सियासी घमासान**

# कुनबी जाति का प्रमाण पत्र जारी करने पर विचार: शिंदे

**एजेंसी**। मुंबई

महाराष्ट्र में मराठा समुदाय को आरक्षण देने पर मचे सियासी घमसान के बीच आरक्षण देने की राह निकालने के प्रयास तेज हो गए हैं। राज्य के जालना में प्रदर्शनकारियों पर पुलिस के लाठीचार्ज को लेकर उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने इस घटना पर राज्य सरकार की ओर से खेद जताया है। वहीं, मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने सोमवार को कहा कि मराठवाड़ा क्षेत्र के मराठों को कैसे कुनबी जाति का प्रमाण पत्र जारी किया जाए, इसे लेकर समिति एक महीने के भीतर रिपोर्ट देगी। कुनबी जाति कृषि से जुड़ी है और महाराष्ट्र में इसे अन्य पिछड़ा वर्ग के अंतर्गत रखा गया है। मुख्यमंत्री ने यहां कहा, राज्य सरकार ने इस मुद्दे को गंभीरता से लिया है और समधान तलाशने के लिए काम कर रही है। मराठा समुदाय शिक्षण संस्थानों और सरकारी नौकरियों में आरक्षण की मांग कर रहा है। महाराष्ट्र सरकर ने 2018 में सामाजिक और शैक्षणिक रूप से पिछड़े वर्ग के तहत मराठा समुदाय को सरकारी नौकरियों और शिक्षा में आरक्षण की व्यवस्था की थी लेकिन मई 2021 में उच्चतम न्यायालय ने अन्य आधारों के साथ-साथ कुल आरक्षण की 50 प्रतिशत सीमा पार होने का हवाला देते हुए राज्य सरकार के फैसले को रद्द कर दिया।



## प्रदर्शनकारियों ने अजित पवार से सरकार को छोड़ने को कहा

प्रदर्शनकारियों पर जालना में पुलिस लाठीचार्ज के खिलाफ विभिन्न मराठा संगठनों ने सोमवार को पुणे जिले के बारामती शहर में प्रदर्शन किया और उपमुख्यमंत्री अजित पवार से शिंदे नीत शिवसेना व भाजपा की सरकार छोड़ने को कहा। विपक्षी दलों शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे), राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) और कांग्रेस के नेता एवं कार्यकर्ता पुणे शहर के कोथरुड इलाके में सड़कों पर उतरे और सरकार को मराठा समुदाय के धैर्य की परीक्षा नहीं लेने की चेतावनी दी। पुणे में प्रदर्शन के दौरान राकांपा (शरद पवार गुट) नेता अंकुश काकड़े ने कहा, एकनाथ शिंदे नीत सरकार में उपमुख्यमंत्री फडणवीस पिछले एक साल से मराठा आरक्षण के लिए कोई भी प्रयास करने में नाकाम रहे हैं। मराठाओं के धैर्य की परीक्षा न लें।

## लाठीचार्ज का आदेश देने वालों को मराठवाड़ा नहीं आने दें: राज ठाकरे

औरंगाबाद। महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना प्रमुख राज ठाकरे ने राज्य के जालना जिले में मराठा आरक्षण की मांग को लेकर आंदोलन कर रहे लोगों से सोमवार को मुलाकात की और कहा कि प्रदर्शनकारियों पर लाठीचार्ज का आदेश देने वालों को मराठवाड़ा में प्रवेश नहीं करने देना चाहिए।

**पश्चिम बंगाल: अंतरिम कुलपतियों की नियुक्ति पर रार**

# तानाशाही पूर्ण तरीके से काम कर रहा राजभवन: शिक्षा मंत्री

**एजेंसी** | कोलकाता

पश्चिम बंगाल के राज्यपाल सी वी आनंद बोस द्वारा राज्य के सात विश्वविद्यालयों में अंतरिम कुलपतियों की नियुक्ति करने के फैसले पर सोमवार को शिक्षामंत्री ब्रत्य बसु ने तीखी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने राजभवन पर 'तानाशाही पूर्ण तरीके' से काम करने का आरोप लगाते हुए दावा किया कि इस कदम से विश्वविद्यालय प्रणाली 'नष्ट' हो सकती है।

मंत्री ने यह भी कहा कि राज्यपाल का कदम राज्य विधानसभा द्वारा पारित विधेयक का उल्लंघन है, जो कुलाधिपति के तौर पर राज्यपाल और राज्य सरकार की विश्वविद्यालयों में भूमिका और कार्यों से संबंधित है।



ज्ञात रहे कि राज्यपाल ने रविवार रात को सात विश्वविद्यालयों में अंतरिम कुलपतियों की नियुक्ति की थी।

शिक्षा मंत्री बसु ने यहां संवाददाता सम्मेलन में कहा, ऐसी नियुक्तियां बिना किसी से सलाह के की गई हैं। वह तानाशाही पूर्ण तरीके से काम कर रहे हैं। राज्यपाल कानून के तहत राज्य विश्वविद्यालयों के कुलाधिपति हैं लेकिन वह सीमा का उल्लंघन नहीं कर सकते।

## आरएसएस की समन्वय बैठक 14 से पुणे में

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की अखिल भारतीय समन्वय बैठक अगले सप्ताह पुणे में होगी, जिसमें राष्ट्रीय सुरक्षा की स्थिति से लेकर देश के सामाजिक-आर्थिक परिदृश्य सहित अनेक मुद्दों पर चर्चा होने की संभावना है। तीन दिवसीय बैठक 14 सितंबर को शुरू होगी, जिसमें सरसंघचालक मोहन भागवत, सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबाले तथा सभी पांच सह सरकार्यवाह.. डॉ. मनमोहन वैद्य, डॉ. कृष्ण गोपाल, सी.आर. मुकुंद, अरुण कुमार, रामदत्त शामिल होंगे।

## शिक्षकों से संवाद



*नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शिक्षक दिवस की पूर्व संध्या पर सोमवार को राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार विजेताओं से बातचीत की और युवाओं को गढ़ने में उनके योगदान की सराहना की। पुरस्कार विजेताओं के साथ प्रधानमंत्री आवास पर हुए संवाद के दौरान शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान भी मौजूद थे।* -पीटीआई

**उदयनिधि के बयान पर सियासी घमासान जारी**

# विपक्षी गठबंधन हिंदू विरोधी: भाजपा, सर्वधर्म समभाव में विश्वास: कांग्रेस

**एजेंसी** | नई दिल्ली

द्रमुक नेता उदयनिधि स्टालिन के सनातन धर्म के संदर्भ में दिए बयान को लेकर बड़ा राजनीतिक विवाद खड़ा हो गया। भाजपा ने विपक्ष पर अपना हमला करते हुए कहा कि 'इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव अलायंस' (इंडिया) हिंदू विरोधी है। दूसरी ओर कांग्रेस ने कहा कि हर राजनीतिक दल को अपने विचार रखने की आजादी है, लेकिन वह सर्वधर्म समभाव की विचाराधारा में विश्वास रखती है। लेकिन कांग्रेस नेता और पूर्व केंद्रीय मंत्री कर्ण सिंह ने द्रमुक नेता के बयान को बेतुका और बेहद दुर्भाग्यपूर्ण करार दिया। ज्ञात रहे कि तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम के स्टालिन के बेटे उदयनिधि स्टालिन ने सनातन धर्म की तुलना कोरोना वायरस, मलेरिया, और डेंगू के बुखार से करते हुए कहा था कि ऐसी चीजों का विरोध नहीं करना चाहिए, बल्कि उन्मूलन किया जाना चाहिए।कांग्रेस के संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल ने संवाददाताओं से कहा, हमारा रुख स्पष्ट है। सर्वधर्म समभाव कांग्रेस की विचारधारा है। लेकिन आपको यह समझना होगा कि हर राजनीतिक दल को अपने विचार रखने की आजादी है। हम हर किसी की आस्था का सम्मान करते हैं।





दूसरी ओर पूर्व केंद्रीय मंत्री और भाजपा नेता रविशंकर प्रसाद ने कहा कि उदयनिधि जो कहा है, वह चौंकाने वाला और शर्मनाक है। उदयनिधि द्वारा अपने बयान को दोहराया जाना और भी हतप्रभ करने वाला है। कांग्रेस सांसद कार्ति चिदंबरम भी उदयनिधि के बयान का बचाव कर रहे हैं। केंद्रीय विधि मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने कांग्रेस से पूछा कि क्या 'इंडिया' ने सनातन धर्म के खिलाफ अपने एजेंडे को अंतिम रूप देने और उसे पूरे देश में समाप्त करने के लिए मुंबई में बैठक की थी।

## उदयनिधि का बयान अस्वीकार्य: डॉ.कर्ण सिंह

पूर्व केंद्रीय मंत्री कर्ण सिंह ने कहा, उदयनिधि का यह बेतुका बयान कि सनातन धर्म को खत्म कर देना चाहिए, अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है। इस देश में करोड़ों लोग कम या ज्यादा हद तक सनातन धर्म के सिद्धांतों का पालन करते हैं। इसके अलावा, दुनिया में सबसे महान सनातन धर्म मंदिर तमिलनाडु में हैं...यह चौंकाने वाली बात है कि एक जिम्मेदार नेता इस तरह का पूरी तरह से अस्वीकार्य बयान देता है।



## शिवसेना (यूबीटी) ने भाजपा पर साधा निशाना

शिवसेना (यूबीटी) नेता प्रियंका चतुर्वेदी ने भाजपा पर निशाना साधते हुए उस पर अपनी राजनीति के लिए सनातन धर्म पर फर्जी चिंता दिखाने का आरोप लगाया और इसे पाखंड करार दिया। उन्होंने 'एक्स' पर पोस्ट किया, सनातन धर्म शाश्वत सत्य - जीवन जीने का तरीका - विवेक और अस्तित्व का प्रतीक है। देश की आधारशिला, जो सनातन धर्म से जुड़ी है, सभी आस्थाओं और पहचानों के समावेश की रही है। इसके खिलाफ अपमानजनक टिप्पणी करने वाला कोई भी व्यक्ति इस बात से अनभिज्ञ है कि इसका क्या मतलब है।

## जो समानता का अधिकार नहीं देता वह धर्म बीमारी

कर्नाटक के मंत्री और कांग्रेस नेता प्रियंक खरगे ने कहा कि कोई भी धर्म जो समान अधिकार नहीं देता है वह धर्म नहीं है और एक बीमारी के समान है। उनका कहना था, कोई भी धर्म जो समानता को बढ़ावा नहीं देता है, कोई भी धर्म जो यह सुनिश्चित नहीं करता है कि आपको एक मनुष्य होने की गरिमा प्राप्त है, वह मेरे अनुसार धर्म नहीं है। इसलिए यह एक बीमारी के समान ही है।

## जरूरी खबर

### मुंबई में प्रशिक्षु फ्लाइट अटेंडेंट की हत्या

**मुंबई।** मुंबई में एक एयरलाइन में प्रशिक्षु के रूप में कार्यरत 24 वर्षीय महिला रविवार देर रात फ्लैट में मृत पाई गई जिसका गला रेता गया था। पुलिस ने हत्या के आरोप में आवासीय सोसायटी के एक कर्मचारी को गिरफ्तार किया है। एक अधिकारी ने सोमवार को बताया कि मृतका की पहचान छत्तीसगढ़ की रहने वाली रूपल ओगरे के रूप में हुई है। वह एअर इंडिया में 'फ्लाइट अटेंडेंट' का प्रशिक्षण लेने के लिए अप्रैल में मुंबई आई थी। उन्होंने बताया कि रूपल अंधेरी के मरोल इलाके में कृष्णलाल मारवाह मार्ग पर स्थित एनजी कॉम्पलेक्स के एक फ्लैट में रविवार देर रात मृत पाई गई। पवई थाने के एक अधिकारी ने बताया कि गिरफ्तार किए गए 40 वर्षीय व्यक्ति की पहचान विक्रम अठवाल के रूप में हुई है, जो पिछले एक साल से उस सोसायटी में देखभाल और साफ-सफाई का काम कर रहा था जहां महिला रहती थी। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है और चिकित्सा रिपोर्ट का इंतजार किया जा रहा हैं।


### J&K: मुठभेड़ में आतंकवादी ढेर दो जवान घायल

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर के रियासी जिले के सुदूर इलाके में संयुक्त तलाशी और घेराबंदी अभियान के दौरान सोमवार को सुरक्षा बलों और आतंकवादियों में मुठभेड़ में एक आतंकवादी मारा गया जबकि सेना के दो जवान जवान घायल हो गए हैं। एडीजीपी मुकेश सिंह ने बताया कि सोमवार को दो आतंकवादियों की मौजूदगी के बारे में सूचना मिलने पर तलाशी अभियान शुरू किया गया। बाद में चसाना के तुली इलाके में गली सोहाब में मुठभेड़ शुरू हो गई। सुरक्षा बलों ने एक आतंकी को ढेर कर दिया।

### भोपाल में हो सकती है 'इंडिया' की अगली बैठक

**नई दिल्ली।** विपक्षी गठबंधन 'इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव अलायंस' (इंडिया) की अगली बैठक मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल में हो सकती है। हालांकि, इस बैठक की तिथि अभी निर्धारित नहीं हुई है। सूत्रों ने सोमवार को बताया यह बैठक संसद के विशेष सत्र के बाद होगी। अभी इसकी तिथि निर्धारित नहीं की गई है बैठक के साथ ही विपक्षी नेताओं की एक जनसभा भी हो सकती है। मध्य प्रदेश में इस साल के आखिर में विधानसभा चुनाव प्रस्तावित है। विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' के घटक दलों की पिछली बैठक 31 अगस्त और एक सितंबर को मुंबई में हुई थी। विपक्षी गठबंधन की यह तीसरी बैठक थी।

## सजने लगा दिल्ली... संवरा जी-20 पार्क









*नई दिल्ली। राष्ट्रीय राजधानी में 9 व 10 सितंबर को प्रस्तावित जी-20 शिखर सम्मेलन की तैयारियां जोरों पर चल रही हैं। इसके लिए दिल्ली को सजाया-संवारा जा रहा है। चाणक्यपुरी में स्थित जी-20 पार्क में विभिन्न देशों के पशु- पक्षियों की मूर्तियां स्थापित की जा रही हैं। पार्क में स्थापित भारतीय मोर, दक्षिण कोरिया के राष्ट्रीय पक्षी मैगपाई और दक्षिण अफ्रीका के राष्ट्रीय पशु स्प्रिंगबोक की स्क्रैप मेटल से बनी मूर्ति। लगाई गई है। वहीं धौला कुआं में भगवान गणपति की प्रतिमा को स्थापित करते केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी और दिल्ली के उपराज्यपाल वीके सक्सेना।*

### उलटी गिनती मौन, महिला वैज्ञानिक का निधन



**बेंगलुरु।** भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन के 'चंद्रयान-3' अभियान सहित इसके कई अभियानों की उलटी गिनती के लिए अपनी आवाज देने वाली वैज्ञानिक एन. वलारमती का चेन्नई में दिल का दौरा पड़ने के बाद निधन हो गया। इसरो के अधिकारी ने बताया कि वलारमती ने चेन्नई के अस्पताल में अंतिम सांस ली। चंद्रयान-3' उनका आखिरी उलटी गिनती कार्यक्रम था। अधिकतर लोगों ने कई प्रक्षेपणों के दौरान इसरो के मिशन नियंत्रण केंद्र से गूंजती उनकी उलटी गिनती को याद किया। इसरो के पूर्व निदेशक डॉ. पी वी वेंकटकृष्णन ने कहा, ''श्रीहरिकोटा से इसरो के भविष्य के मिशनों की उलटी गिनती के समय अब वलारमती मैडम की आवाज नहीं सुनाई देगी।

**अनुच्छेद 370 पर सुनवाई: एनसी नेता अकबर लोन को SC ने कहा...**

# संप्रभुता मान्य होने व संविधान के प्रति निष्ठा का हलफनामा दें

एजेंसी | नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को नेशनल कांफ्रेंस के नेता मोहम्मद अकबर लोन से भारत के संविधान के प्रति निष्ठा की शपथ लेते और देश की संप्रभुत्ता को स्वीकार करते हुए एक हलफनामा दाखिल करने को कहा। न्यायालय ने 2018 में जम्मू कश्मीर विधानसभा में लोन द्वारा कथित तौर पर 'पाकिस्तान जिंदाबाद' का नारा लगाए जाने से पैदा हुए विवाद के बाद यह निर्देश दिया। वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल ने प्रधान न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ की अगुवाई वाली पांच सदस्यीय पीठ से कहा कि लोन मंगलवार तक हलफनामा दाखिल करेंगे।

लोन, पूर्ववर्ती जम्मू कश्मीर राज्य को विशेष दर्जा देने वाले अनुच्छेद 370 को निरस्त किए जाने के फैसले को चुनौती देने वाले प्रमुख याचिकाकर्ता हैं। सिब्बल ने कहा कि अगर लोन यह हलफनामा दाखिल नहीं करते हैं तो वह उनकी पैरवी नहीं करेंगे। वह लोकसभा सांसद हैं। वह भारत के नागरिक हैं और उन्होंने संविधान द्वारा अपने पद की शपथ ली है। वह भारत की संप्रभुत्ता को स्वीकार करते हैं।





#### लोन विस में पाकिस्तान समर्थक नारा लगाने के लिए माफी मांगे: केंद्र

इससे पहले, केंद्र की ओर से पेश हुए सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने पीठ से कहा कि केंद्र सरकार चाहती है कि लोन वर्ष 2018 में जम्मू-कश्मीर विधानसभा में 'पाकिस्तान जिंदाबाद' का नारा लगाने के लिए माफी मांगें। उन्होंने कहा कि लोन को यह बताना होगा कि वह संविधान के प्रति निष्ठा रखते हैं, साथ ही जम्मू-कश्मीर विधानसभा में नारा लगाने के लिए उन्हें माफी मांगनी होगी। ज्ञात हो कि कश्मीरी पंडित युवाओं का समूह होने का दावा करने वाले गैर सरकारी संगठन 'रूट्स इन कश्मीर' ने शीर्ष अदालत में एक हस्तक्षेप अर्जी दायर कर मामले में कुछ अतिरिक्त दस्तावेजों और तथ्यों को रिकॉर्ड पर लाने का आग्रह किया था। अर्जी में आरोप लगाया गया कि लोन को जम्मू कश्मीर में सक्रिय अलगाववादी ताकतों के समर्थक के रूप में जाना जाता है, जो पाकिस्तान का समर्थन करते हैं।

#### अनुच्छेद-370 मामले में लेक्चरर का निलंबन रद्द

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर प्रशासन ने रविवार को उस लेक्चरर का निलंबन रद्द कर दिया, जो संविधान के अनुच्छेद-370 के महत्वपूर्ण प्रावधानों को निरस्त करने के खिलाफ एक पक्ष के रूप में उच्चतम न्यायालय में पेश हुआ था। श्रीनगर के जवाहर नगर स्थित सरकारी उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में राजनीति शास्त्र के शिक्षक जहूर अहमद भट को 25 अगस्त को निलंबित कर दिया गया था। उच्चतम न्यायालय ने 28 अगस्त को अटॉर्नी जनरल आर वेंकटरमणी और सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता से भट के निलंबन के मुद्दे पर गौर करने को कहा था।

**चीन के रुख से बढ़ रही मुश्किलें**

## घोषणा के मसौदे पर आम सहमति बनाने में जुटे वार्ताकार







एजेंसी | नई दिल्ली

जी20 शिखर सम्मेलन के केवल चार दिन शेष रहने के बीच समूह के सदस्य देशों के शीर्ष वार्ताकारों ने इस सम्मेलन के लिए नेताओं की घोषणा के मसौदे को अंतिम रूप देने के उद्देश्य से कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर आम सहमति बनाने के मकसद से व्यापक बातचीत की। मामले की जानकारी रखने वाले अधिकारियों ने बताया कि चीन को एजेंडे की बातों के विभिन्न पहलुओं पर आपत्ति है जिसके परिणामस्वरूप आम सहमति बनाने में कठिनाइयां हो रही हैं।

इस मामले से अवगत अधिकारियों ने बताया कि जी20 शेरपाओं (वार्ताकारों) ने मुख्य रूप से डिजिटल सार्वजनिक बुनियादी ढांचे के लिए वैश्विक स्तर पर स्वीकार्य शासन ढांचा बनाने, महिलाओं के नेतृत्व वाले विकास को सुनिश्चित करने के कदम उठाने, जलवायु परिवर्तन से निपटने के लिए वित्तपोषण और बहुपक्षीय विकास बैंकों को मजबूत करने के तरीकों पर ध्यान केंद्रित किया। शेरपाओं की तीन दिवसीय बैठक हरियाणा के नूंह जिले के आईटीसी ग्रैंड भारत होटल में हो रही है। बैठक की अध्यक्षता भारत के जी-20 शेरपा अमिताभ कांत कर रहे हैं।

#### दवाओं के अलावा अन्य डिलिवरी सेवाएं रहेंगी बंद

दिल्ली पुलिस ने सोमवार को कहा कि जी20 शिखर सम्मेलन के दौरान नई दिल्ली जिले में दवाओं को छोड़कर सभी ऑनलाइन डिलीवरी सेवाओं पर रोक रहेगी। आवश्यक सेवाएं जैसे डाक और चिकित्सा सेवाएं, मेडिकल जांच के लिए नमूना एकत्र करने की अनुमति होगी।

#### कंपनियों ने दी वर्क फ्रॉम होम की सुविधा

विभिन्न कंपनियों के दिल्ली, नोएडा और गुरुग्राम स्थित कार्यालयों ने जी20 सप्ताहांत के दौरान अपने कर्मचारियों के लिए घर से काम करने की सुविधा प्रदान की है। दिल्ली में सभी निजी और सरकारी कार्यालय 8 से 10 सितंबर तक बंद रहेंगे। नोएडा की एनआईआईटी लिमिटेड की एचआर प्रमुख मीता ब्रह्मा ने कहा, हमने इस अवधि में कर्मचारियों को घर से काम करने की सुविधा की घोषणा पहले ही कर दी है।

**मणिपुर: SSP (कॉम्बैट) का विशेष पद सृजित**

## पूर्व सैन्य अफसर को मिलेगी कमान

एजेंसी | इंफाल

मणिपुर सरकार ने आठ साल पहले म्यांमार में उग्रवादी शिविरों के खात्मे के अभियान की कमान संभाल चुके सेवानिवृत्त कर्नल नेक्टर संजेनबम को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (कॉम्बैट) नियुक्त किया है। अधिकारियों ने सोमवार को बताया कि कई पदकों और पुरस्कारों से सम्मानित पूर्व सैन्य अधिकारी के लिए खासतौर से यह पद सृजित किया गया है। संजेनबम की भूमिका क्या होगी, इस बारे में आधिकारिक तौर पर कुछ नहीं कहा गया है लेकिन माना जा रहा है कि राज्य सरकार मणिपुर की जातीय हिंसा से निपटने में उनके अनुभवों का लाभ लेना चाहती है।

#### एडिटर्स गिल्ड के सदस्यों के खिलाफ FIR

मणिपुर के मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह ने 'एडिटर्स गिल्ड ऑफ इंडिया' पर राज्य में संघर्ष भड़काने की कोशिश करने का आरोप लगाते हुए सोमवार को कहा कि उनकी सरकार ने संस्था के अध्यक्ष तथा तीन सदस्यों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की है। सिंह ने कहा कि राज्य के इतिहास को समझे बिना 'पूरी तरह एकतरफा' रिपोर्ट प्रकाशित की गई।

## कोविड टीकों का दिल के दौरों से संबंध नहीं

**नई दिल्ली।** भारत में इस्तेमाल किये गए कोविड-19 के टीकों--कोविशील्ड एवं कोवैक्सीन और दिल का दौरा पड़ने का खतरा बढ़ने के बीच कोई संबंध नहीं है। एक अध्ययन में यह दावा किया गया है, जिसमें इन टीकों के सुरक्षात्मक प्रभाव पर जोर दिया गया है।

अध्यन हाल ही में पीएलओएस पत्रिका में प्रकाशित किया गया। अध्ययन में, दिल्ली के गोविंद वल्लभ पंत अस्पताल में अगस्त 2021 और अगस्त 2022 के बीच भर्ती 1,578 लोगों से एकत्र आंकड़ों का उपयोग किया गया। इनमें से करीब 1,086 (68.8 प्रतिशत) का कोविड-19 टीकाकरण हुआ था, जबकि 492 (31.2 प्रतिशत) को यह टीका नहीं लगा था।


**'एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स' की रिपोर्ट में दावा**

# आठ राष्ट्रीय दलों की संपत्ति 8,829 करोड़ रुपए, भाजपा सबसे अमीर

एजेंसी | नई दिल्ली

चुनाव सुधारों की वकालत करने वाले निकाय 'एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स' (एडीआर) ने अपनी एक ताजा रिपोर्ट में कहा कि आठ राष्ट्रीय दलों द्वारा घोषित कुल संपत्ति वर्ष 2021-22 के दौरान बढ़कर 8,829.16 करोड़ रुपए हो गई, जो वर्ष 2020-21 में 7,297.62 करोड़ रुपए थी।

एडीआर ने अपनी रिपोर्ट में वित्त वर्ष 2020-21 और 2021-22 के लिए आठ राष्ट्रीय दलों भाजपा, कांग्रेस, राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी, बहुजन समाज पार्टी, भाकपा, माकपा, तृणमूल कांग्रेस और (एनपीपी) द्वारा घोषित संपत्तियों और देनदारियों का विश्लेषण किया है। वित्त वर्ष 2020-21 में भाजपा ने 4,990 करोड़ रुपए की संपत्ति घोषित की थी जो 2021-22 में 21.17 प्रतिशत बढ़कर 6,046.81 करोड़ रुपए हो गई। 2020-21 में कांग्रेस की घोषित संपत्ति 691.11 करोड़ रुपये थी, जो 2021-22 में 16.58 प्रतिशत बढ़कर 805.68 करोड़ रुपए हो गई।





#### बसपा की संपत्ति घटी

बसपा एकमात्र राष्ट्रीय पार्टी है जिसने अपनी वार्षिक घोषित संपत्ति में कमी दिखाई है। वर्ष 2020-21 और 2021-22 के बीच बसपा की कुल संपत्ति 5.74 प्रतिशत घटकर 690.71 करोड़ रुपए हो गई जो 732.79 करोड़ रुपए थी। एडीआर ने कहा कि तृणमूल कांग्रेस की कुल संपत्ति 2020-21 में 182.001 करोड़ रुपये थी जो 151.70 प्रतिशत बढ़कर 458.10 करोड़ रुपये हो गई। राष्ट्रीय दलों द्वारा घोषित वित्त वर्ष 2020-21 के लिए कुल देनदारियां 103.55 करोड़ रुपए थीं। कांग्रेस ने 71.58 करोड़ रुपए की देनदारियों की घोषणा की, जो सबसे अधिक है। इसके बाद माकपा ने 16.109 करोड़ रुपए की देनदारियों की घोषणा की।

#### आईसीएआई के दिशा निर्देशा का पालन करने में विफल रही राष्ट्रीय पार्टियां

एडीआर ने कहा कि राष्ट्रीय पार्टियां इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया (आईसीएआई) के दिशानिर्देशों का पालन करने में विफल रहीं, जो पार्टियों को उन वित्तीय संस्थानों, बैंकों या एजेंसियों के विवरण घोषित करने का निर्देश देती हैं, जिनसे ऋण लिया गया था। दिशानिर्देशों में कहा गया है कि पार्टियों को एक साल, एक से पांच साल या पांच साल के बाद देय तारीख के आधार पर सावधि ऋण के पुनर्भुगतान की शर्तों को बताना चाहिए।

#### देनदारियों में कांग्रेस शीर्ष पर

वित्त वर्ष 2021-22 के लिए, कांग्रेस फिर से 41.95 करोड़ रुपए की देनदारियों के साथ शीर्ष पर थी, इसके बाद माकपा और भाजपा ने क्रमश: 12.21 करोड़ रुपए और 5.17 करोड़ रुपए की देनदारियों की घोषणा की। वर्ष 2020-21 और 2021-22 के बीच, पांच दलों ने देनदारियों में कमी की घोषणा की। कांग्रेस ने अपनी देनदारियों में 29.63 करोड़ रुपए, भाजपा ने 6.03 करोड़ रुपए माकपा ने 3.89 करोड़ रुपए, तृणमूल ने 1.30 करोड़ रुपए और राकांपा ने एक लाख रुपए की कमी की घोषणा की है।

## नगर निगम ग्रेटर आयुक्त के विदाई समारोह में भावुक हुए कर्मचारी-अधिकारी

# ग्रेटर निगम में 16 माह का कार्यकाल मेरे कॅरिअर का सर्वश्रेष्ठ समय: सोनी

**बेधड़क.जयपुर।** नगर निगम ग्रेटर में मेरा 16 महीने का कार्यकाल कॅरिअर का समय रहा। मैंने हमेशा सकारात्मक ऊर्जा के साथ काम किया। महापौर ने भी ऊर्जा के साथ हमेशा भरपूर सहयोग किया। इसके चलते हम कम समय में नगर निगम ग्रेटर को घाटे की स्थिति से उभार कर बाहर ला सकें। यह बात नगर निगम ग्रेटर के निवर्तमान कमिश्नर महेंद्र सोनी ने अपने विदाई समारोह में कहीं। उन्होंने कहा कि मैंने कामकाज की प्रणाली के हिसाब से किसी को कुछ कहा भी होगा तो कुछ भी व्यक्तिगत नहीं था। क्योंकि कुर्सी पर बैठा जज हरदम सबको बरी नहीं करता है। सोमवार को सोनी को निगम कर्मचारियों ने भावभीनी विदाई दी और नए कमिश्नर बाबूलाल गोयल का स्वागत समारोह हुआ। समारोह में निगम कर्मियों ने कमिश्नर महेंद्र सोनी के साथ किए कार्यों के अनुभव को साझा किया।



### नए आयुक्त गोयल ने संभाला कार्यभार



निवर्तमान आयुक्त महेंद्र सोनी ने नवनियुक्त आयुक्त को कार्यभार संभलवाया। इस मौके पर निगम के सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने निर्वतमान आयुक्त महेंद्र सोनी को भावभीनी विदाई भी दी। सभी अधिकारियों ने महेंद्र सोनी के कुशल प्रबंधन, प्रभावी नेतृत्व क्षमता की तारीफ करते हुए उन्हें भविष्य की शुभकामनाएं दी। गोयल ने कहा कि आमजन के काम चाहे वह जन्म-मृत्यु/विवाह प्रमाण पत्र हो, किसी प्रकार की एनओसी हो, भवन निर्माण स्वीकृति हो या कोई भी काम जो आमजन से जुड़ा है। उसे समयबद्ध और सुव्यवस्थित तरीके से करवाना हमारी प्राथमिकता होगी। उन्होंने कहा कि जयपुर शहर को साफ, सुंदर और ग्रीन सिटी बनाने के लिए विशेष प्रयास किए जाएंगे। मीडिया से मुखातिब होते हुए आयुक्त ने कहा कि नगर निगम ग्रेटर के सभी अधिकारी एवं कर्मचारी एक टीम के रूप में कार्य करेंगे। नगर निगम आमजन से जुड़ा हुआ विभाग है। जनप्रतिनिधियों से भी सामंजस्य बनाकर संवाद किया जाएगा। उन्होंने कहा कि निगम के राजस्व को बढ़ाने के लिए हरसंभव प्रयास किए जाएंगे। गोयल ने कहा कि नगर निगम की स्थितियों को समझ कर बेहतरीन कार्य करने का प्रयास किया जाएगा। निगम के कर्मचारी व जनप्रतिनिधियों के साथ सामंजस्य बैठाकर सभी की जायज समस्याओं के समाधान करने के प्रयास किए जाएंगे।



फोटो: राजेश कुमावत

### मेयर ने बांधा रक्षा सूत्र

विदाई समारोह के दौरान महापौर सौम्या गुर्जर ने पूर्व कमिश्नर महेंद्र सोनी और वर्तमान कमिश्नर बाबूलाल गोयल को रक्षा सूत्र भी बांधा। इस दौरान महेंद्र सोनी ने अपने अनुभव साझा किए। समारोह के अंत में निगम के अधिकारी कर्मचारियों ने सोनी पर पुष्प वर्षा करते हुए कार में बैठाकर विदा किया। महेंद्र सोनी ने कहा कि आज निगम के पास 175 करोड़ रुपए हैं, ऐसा पिछला सालों में कभी नहीं हुआ। आज नगर निगम ग्रेटर राजस्थान का सबसे बेहतरीन विभाग हैं। सच में को छोड़कर जाना बहुत भारी हो महंगाई राहत कैंप, शहरी ओलंपिक जैसे तमाम योजनाओ में निगम ने शानदार काम किया। हमने कई नवाचार किए, जिससे सालों से पेंडिंग कामों का निस्तारण किया।



## हनुमान चालीसा के 101 पाठ



**बेधड़क. जयपुर।** मालवीय नगर के मालेश्वर महादेव मंदिर में 101 हनुमान चालीसा के पाठ का आयोजन किया गया। यह आयोजन मंदिर सहयोग से सामाजिक कार्यकर्ता विचार व्यास द्वारा किया। इस आयोजन में पाठ के बाद बजरंग बली की आरती की गई और उसके बाद प्रसाद वितरित किया गया। कार्यक्रम में मालवीय क्षेत्रवासियों ने पूरे उत्साह से भाग लिया। इस अवसर पर मंदिर में पुष्प वर्षा भी की गई।

## कथा में बताए जीवन के सार



**बेधड़क. जयपुर।** श्रीराम मंदिर प्रन्यास श्रीसनातन धर्म सभा के तत्वावधान में तीन दिवसीय युवा भागवत कथा का शुभारंभ श्रीराम मंदिर में हुआ। कथा के पहले दिन सोमवार को पंडित विजय शंकर मेहता (उज्जैन) ने हमारे व्यवसायिक जीवन और कर्म योग की व्याख्या करते हुए बताया कि गीता में 18 अध्याय हैं। महाभारत का युद्ध भी अठारह दिन चला था। कृष्ण ने जो सिद्धांत गीता में जिस अध्याय में दिए हैं, लगभग वैसे ही दृश्य युद्ध में उसी दिन घटे। यदि हम युद्ध के दृष्टांतों को ठीक से समझे तो गीता बड़ी आसानी से जीवन में उतर सकेगी। पंडित मेहता ने कहा कि गीता के आरंभ में छह अध्याय भगवान श्रीकृष्ण ने कर्म योग को निष्कामता से जोड़ा है। कर्म के बिना कोई रह नहीं सकता। जब कर्म करें तो फल में आसक्ति नहीं हो, यही निष्कामता है। उपाध्यक्ष अनिल खुराना ने बताया कि कथा के दूसरे दिन भक्ति योग और परिवार पर व्याख्यान होगा।

## सड़क कार्य का शुभारंभ



**बेधड़क. जयपुर।** मालवीय नगर विधायक कालीचरण सराफ ने वार्ड नंबर 126 विनोबा नगर में पार्षद कोटे से नगर निगम ग्रेटर द्वारा बनवाई जा रही सड़कों का विधिवत पूजा करके शुभारंभ कराया। स्थानीय पार्षद ओम स्वामी ने बताया कि विनोबा नगर की सड़कें टूटी हुई थी। नगर निगम ग्रेटर द्वारा पार्षद कोटे से इन सड़कों का नवीनीकरण करवाया जा रहा है। इनका शुभारंभ क्षेत्रीय विधायक सराफ ने किया। इस अवसर पर स्थानीय लोगों एवं विकास समिति के पदाधिकारियों ने सराफ स्वागत किया। कार्यक्रम में महिला आयोग की पूर्व अध्यक्ष सुमन शर्मा, मंडल अध्यक्ष शैलेश शाह, शहर महामंत्री एसटी मोर्चा महेश मंगल, वार्ड अध्यक्ष राधेश्याम शर्मा, रामेश्वर, बूथ अध्यक्ष शैलेश पटेल, लालचंद लालवानी, संजय जैन, बाबूलाल केरला आदि उपस्थित थे।

## लड्डू गोपाल का जन्मोत्सव



**बेधड़क. जयपुर।** श्रीबाबा बालक नाथ सेवा संस्थान व क्रेडाई राजस्थान की ओर से लड्डू गोपाल जन्मोत्सव मनाया गया। आयोजक रितु उमेश अग्रवाल ने बताया कि लड्डू गोपाल जन्मोत्सव की शुरुआत मुख्य संरक्षक स्वामी बालमुकुंद आचार्य ने की। मुख्य अतिथि पंकज ओझा, सुमन शर्मा, अजय भूपेश व संरक्षक डॉ. शोभा तोमर, मीनाक्षी गुप्ता विशिष्ट अतिथि अशोक शर्मा, नवल किशोर गुप्ता, कृतिका गुप्ता, अन्ना अशोक, जया मनराल, विजय सिंह व टीम मैंबर रजनी दिनेश माथुर, पुखराज प्रजापति, रेखा गोयल, टीना सरिया, घनश्याम मुलानी, बसंत जैन, विनोद जैन, डॉ. सरस्वती मित्तल, एडवोकेट ओपी गुप्ता, राधेश्याम अग्रवाल, रश्मि त्रिवेदी रहे। फोटोग्राफी दालेंद्र तिवारी और अक्षित मित्तल द्वारा की गई। इसमें जयपुर से लगभग 60 लड्डू गोपाल आए।

# City इवेंट्स

## जेजेएस-2023 का पोस्टर किया लॉन्च



**बेधड़क. जयपुर।** जयपुर ज्वैलरी शो (जेजेएस-2023) के 19वें संस्करण के थीम पोस्टर का अभिनेत्री पूजा बत्रा शाह ने लॉन्च किया। बत्रा ने कहा कि इस वर्ष जेजेएस की ब्रांड एंबेसडर बनना वास्तव में सम्मान की बात है। जेजेएस आयोजन समिति चेयरमैन विमल चंद सुराणा ने बताया कि वर्ष 2022 की तरह इस वर्ष की भी थीम-'एमराल्ड.. टाइमलेस एलिगेंस' है। जेजेएस ऑनेनरी सेक्रेटरी राजीव जैन ने कहा शो 2004 में 67 बूथों के साथ शुरू हुआ था, जो अब 1100 बूथों तक पहुंच गया है।

## जयपुर में होगी अंतरराष्ट्रीय कार्यशाला



**बेधड़क. जयपुर।** इंडियन डेंटल एसोसिएशन की राजस्थान शाखा की कार्यकारिणी की मीटिंग जयपुर के राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर में अध्यक्ष डॉ. प्रदीप जैन की अध्यक्षता में संपन्न हुई। इस अवसर पर डॉ. हरीश भारद्वाज सदस्य राष्ट्रीय कार्यकारिणी ने जयपुर में आगामी 2-3 दिसंबर को होने वाली FDI-IDA वर्कशॉप के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इसमें देश-विदेश के ख्यातिमान् दंत चिकित्सक अपना व्याख्यान देंगे। दंत रोगों व उनके उपचार से संबंधित नवीनतम जानकारी साझा करेंगे। IDA राजस्थान के सचिव डॉ.जे.एस.वालिया ने बताया कि इस अवसर पर जयपुर डेंटल शो का आयोजन भी होगा।

## जयपुर देव फेस्टिवल के पोस्टर का विमोचन




**बेधड़क. जयपुर।** हिंदी सिनेमा के सदाबहार अभिनेता पद्मश्री देव आनंद के 100वें जन्मदिवस पर आयोजित होने वाले जयपुर देव फेस्टिवल के पोस्टर का विमोचन फिल्म निर्माता-निर्देशक मधुर भंडारकर ने किया। भंडारकर ने इस अवसर पर कहा कि वे लीजेंड देव आनंद के बड़े फैन हैं। फेस्टिवल का आयोजन द एवरग्रीन देव आनंद सोसायटी जयपुर की ओर से होगा। सोसायटी अध्यक्ष रवि कामरा ने बताया कि 8वें देव फेस्टिवल का आयोजन 26 सिंतबर को राजमंदिर सिनेमा में होगा। इसमें हेमा मालिनी भी शामिल होगी। फेस्टिवल में देव लवर्स का प्रवेश निशुल्क आमंत्रण पर होगा।

## यू-जीनियस-2023 में बड़ी संख्या में स्टूडेंट्स ने किया पार्टिसिपेट

# बच्चों को सही डायरेक्शन की जरूरत: सृष्टि





बेधड़क | जयपुर

यूनियन बैंक ऑफ इंडिया की ओर से जयपुर के झालाना स्थित राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर में सोमवार को नेशनल लेवल प्रश्नोत्तरी का आयोजन किया गया। यू-जीनियस-2023 प्रतियोगिता में जयपुर की कई बड़ी स्कूलों के स्टूडेंट्स ने हिस्सा लिया। प्रतियोगिता की विशिष्ट अतिथि आरटीडीसी की जीएम सृष्टि जैन थीं। उन्होंने कहा कि बच्चों को सही डायरेक्शन मिलना चाहिए और अनुशासन जीवन में बहुत जरूरी है। अपना कॉम्पीटिशन हमेशा स्वयं से रखे और पॉजिटिव रहकर गोल्स अचीव करते रहे। उन्होंने कहा कि यह क्वीज एक अच्छा प्लेटफॉर्म है। कई लेवल पर यह होते हुए मुंबई में फिनाले होगा। मुझे यहां आकर बहुत अच्छा लगा, क्योंकि बच्चे इससे बहुत कुछ सीखेंगे। ऐसी प्रतियोगिताएं होती रहनी चाहिए। उनको ऐसे आयोजनों में पार्टिसिपेट करते रहना चाहिए, क्योंकि हारा वहीं जो लड़ा नहीं। जैन ने फिजिकल और मेंटल हेल्थ का ध्यान भी रखना जरूरी बताया। 'हैपीनेस कम्स फ्रॉम विथ इन'का मैसेज बच्चों और बड़ों को दिया। वहीं प्रोग्राम के चीफ गेस्ट आईएएस जितेंद्र कुमार उपाध्याय मुख्य सचिव महिला व बाल विकास विभाग ने भी बच्चों को मोटिवेट किया।



### अब उदयपुर में होगा मुकाबला

जयपुर के बाद अब कार्यक्रम की अगली कड़ी उदयपुर में जुड़ेगी। इसके बाद विजेताओं को मुंबई में अपग्रेडेड लेवल की प्रतियोगिता में हिस्सा लेने का मौका मिलेगा।

**ब्यूटी पेजेंट मिसेज राजस्थान-2023** | वेलकम सेरेमनी से कार्यक्रम का आगाज

# नामों के ऐलान से कोई भावुक तो कोई खुशी से झूमा

बेधड़क | जयपुर

जैसे ही मंच से फाइनेलिस्ट के नाम अनाउंस किए गए कोई भावुक हो उठा तो कोई खुशी से झूम उठा। हर कोई एक-दूसरे को बधाई देने के साथ गले लगाकर मोटिवेट कर रहा था।

ये जीत और उत्साह का नजारा फ्यूजन ग्रुप की ओर से व ग्रैंड सफारी के सहयोग से आयोजित ब्यूटी पेजेंट मिसेज राजस्थान-2023 के पहले दिन वेलकम सेरेमनी में दिखाई दिया। इस दौरान टॉप फाइनलिस्ट के नामों की अनाउंसमेंट की गई। इस दौरान अंशु कुमारी शर्मा, रिचा कुलश्रेष्ठ, भावना शर्मा, मेघा शर्मा, मोनालिसा मीणा, प्रीति भंडारी, प्रियंका मीणा, स्वेता शर्मा, इस्मिता शर्मा, तान्या रॉय, तृप्ति बरडिया, ऊषा मदनानी, वर्षा पिपरिया, अनुष्का मीणा, किरण राठौड़, प्रतिभा विजय, तनुश्री गौर, सीमा मीणा, सरोज गोस्वामी को शेष पहना के फाइनलिस्ट के रूप में अनाउंस किया गया।



### दूसरे दिन टैलेंट राउंड

डायरेक्ट संजीव बारोट ने बताया कि दूसरे दिन टैलेंट राउंड का आयोजन होटल ग्रैंड सफारी में किया जाएगा। इस दौरान टॉप फाइनलिस्ट अपने टैलेंट के हुनर को दिखा सकेंगे। साथ ही फैशन फोटोग्राफर वासु जैन द्वारा फोटो जनक राउंड के सबटाइटल का आयोजन भी किया जाएगा। जहां मैसेज फोटो जेनिक फेस सबटाइटल दिया जाएगा।

### ग्रूमिंग और कैटवॉक में गुजरा पहला दिन

आयोजक योगेश व निमिषा मिश्रा ने बताया कि पहले दिन के शेड्यूल में कैटवाक वर्कशॉप मिसेज राजस्थान के ऑफिशियल कोरियोग्राफर ने ली। साथ ही गर्ल्स को हाउ टू पोज-हाऊ टू वॉक पर सेशन दिया गया। दूसरी ओर समाजसेवी व मोटिवेशनल स्पीकर पवन गोयल ने महिलाओं का मनोबल बढ़ाने के लिए व कॉन्फिडेंस डेवलपमेंट वर्कशॉप में टिप्स दिए। इस दौरान पार्टिसिपेंट्स ने भी विशेषज्ञों से सवाल-जवाब किए। उन्होंने सभी की बातों को सुना और उदाहरणों सहित जवाब देकर जिज्ञासा शांत की।

पोस्टल रजि. नं. : जयपुर सिटी/006/2023-25

# न्यूज़ बेधड़क

सच बेधड़क
जयपुर, मंगलवार, 05 सितंबर, 2023





अगर सफलता पाने की इच्छाशक्ति मजबूत है, तो असफलता कभी प्राप्त नहीं होगी।

**विनायक शर्मा,** फाउंडर एंड एडिटर इन चीफ, सच बेधड़क मीडिया ग्रुप

## अंतरिक्ष में मिशन पूरा कर लौटे चार यात्री...



*वाशिंगटन। अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा का स्पेसएक्स क्रू-6 अपने चार अंतरिक्ष यात्रियों को लेकर छह महीने बाद सोमवार को धरती पर उतर गया। देर रात करीब 00.05 से 00.17 के बीच (स्थानीय समयानुसार) अंतरिक्ष यात्रियों का दल अटलांटिक महासागर में फ्लोरिडा के जैक्सनविले तट के पास उतरा। इसके बाद वहां तैनात दल ने उनका रेस्क्यू किया। इसके साथ ही नासा का स्पेसएक्स क्रू-6 मिशन सोमवार तड़के पूरा हो गया। नासा द्वारा प्रदान की गई इस तस्वीर में बाएं से दाएं- रोस्कोस्मोस के अंतरिक्ष यात्री एंड्री फेडयेव, नासा के अंतरिक्ष यात्री वॉरेन "वुडी" होबर्ग, नासा के अंतरिक्ष यात्री स्टीफन बोवेन और संयुक्त अरब अमीरात के अंतरिक्ष यात्री सुल्तान अल-नेयादी एक स्पेसएक्स कैप्सूल के अंदर दिखाई दे रहे हैं।* -पीटीआई

### स्वीडन: तीन लोग हिरासत में लिए गए

## कुरान की प्रति जलाने पर झड़पें

**एजेंसी** | स्टॉकहोम

स्वीडन के तीसरे सबसे बड़े शहर माल्मो में इस्लाम विरोधी प्रदर्शनकारी ने मुस्लिम धर्म ग्रंथ कुरान की एक प्रति जला दी, जिसके बाद झड़पें हुई हैं। पुलिस ने बताया कि प्रदर्शनकारियों ने पथराव किया और दर्जनों कारों को आग के हवाले कर दिया। उसने बताया कि यह घटनाक्रम रविवार को शुरू हुआ और हिंसक झड़पें बीती रात तक जारी रहीं।

पुलिस के अनुसार इस्लाम विरोधी एक कार्यकर्ता ने रविवार को कुरान की एक प्रति जला दी, जिसके बाद झड़पें शुरू हुईं। गुस्साई भीड़ ने उसे (कार्यकर्ता को) रोकने की कोशिश की। उसने बताया कि कम से कम तीन लोगों को हिरासत में लिया गया है। सोमवार तड़के एक भीड़ ने टायर जलाए और उनमें से कुछ युवाओं को माल्मो के रोजेनगार्द इलाके में उपद्रव करते देखा गया, जहां पहले भी इस तरह की झड़पें हुई हैं। वहां कुरान की प्रति जलाये जाने से संबंधित कई बैनर लगे हुए थे।



### 1970 में ईशनिंदा का कानून किया था खत्म

स्वीडन ने 1970 के दशक में अपने अंतिम ईशनिंदा कानून को समाप्त कर दिया था और सरकार ने कहा कि इसे फिर से लागू करने का उसका कोई इरादा नहीं है। हालांकि, सरकार ने राष्ट्रीय सुरक्षा की चिंताओं को लेकर प्रदर्शनों की अनुमति खारिज करने के लिए पुलिस को सक्षम बनाने की खातिर कानूनी संभावनाएं तलाशने की घोषणा की है।

### भीड़ भावना में बह जाती है: स्तेंकुला

मालमो के वरिष्ठ पुलिस अधिकारी पेत्रा स्तेंकुला ने कहा, 'मैं समझता हूं कि इस तरह की भीड़ भावना में बह जाती है, लेकिन हम उपद्रव और रविवार को हुई हिंसा जैसे कृत्यों को बर्दाश्त नहीं कर सकते।' उन्होंने कहा, 'रोजेनगार्द में एक बार फिर से हिंसा और तोड़फोड़ की गतिविधियां देखना अफसोसजनक है।' मोमिका नाम के इराकी शरणार्थी ने इस्लाम विरोधी सिलसिलेवार प्रदर्शनों के दौरान कई बार कुरान की बेअदबी की है। इस तरह के ज्यादातर कृत्य स्टॉकहोम में किए गए। इससे मुस्लिम देशों में रोष है।

### जी20: भारत यात्रा को लेकर उत्सुक बाइडेन बोले...

## शी के न आने से निराश

**एजेंसी** | कीव

वाशिंगटन। अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडेन ने कहा कि वह इस सप्ताह भारत की यात्रा करने को लेकर उत्सुक हैं, लेकिन उन्हें निराशा है कि उनके चीनी समकक्ष शी जिनपिंग नई दिल्ली में आयोजित होने वाले जी20 शिखर सम्मेलन में हिस्सा नहीं लेंगे।

व्हाइट हाउस के अनुसार बाइडेन जी20 शिखर सम्मेलन में शामिल होने के लिए 7 सितंबर को भारत जाएंगे और 8 सितंबर को वे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के साथ द्विपक्षीय बैठक करेंगे। भारत जी20 के अध्यक्ष के रूप में 9-10 सितंबर को इस प्रभावशाली समूह के वार्षिक शिखर सम्मेलन की मेजबानी कर रहा है। इसमें बाइडेन सहित दो दर्जन से अधिक विश्व नेता हिस्सा लेने वाले हैं। यात्रा से पहले पत्रकारों ने रविवार को बाइडेन से पूछा कि क्या वह भारत और वियतनाम की अपनी यात्रा को लेकर उत्सुक हैं? जवाब में अमेरिकी राष्ट्रपति ने कहा, 'हां, मैं हूं।' उन्होंने चीन के राष्ट्रपति के सम्मेलन में शामिल न होने पर निराशा जताई और कहा, 'मैं निराश हूं, लेकिन मैं उनसे मिलूंगा।'



### इन राष्ट्राध्यक्षों का आना तय

बाइडेन के साथ ही फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों, ऑस्ट्रेलियाई प्रधानमंत्री एंथनी अल्बनीज, जर्मन चांसलर ओलाफ शोल्ज, ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक, जापानी प्रधानमंत्री फुमियो किशिदा और ब्राजील के राष्ट्रपति लुइज इनासियो लूला दा सिल्वा उन जी20 नेताओं में शामिल हो रहे हैं, जिन्होंने पहले ही शिखर सम्मेलन में अपनी भागीदारी की पुष्टि कर दी है।

### चीन ने की पुष्टि शी नहीं, पीएम क्विंग आएंगे

चीन के राष्ट्रपति जिनपिंग इस सप्ताह नई दिल्ली में होने जा रहे जी20 शिखर सम्मेलन में भाग नहीं लेंगे और चीनी प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व प्रधानमंत्री ली क्विंग करेंगे। यहां विदेश मंत्रालय ने सोमवार को यह घोषणा की। चीनी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता माओ निंग ने एक संक्षिप्त बयान में कहा कि भारत सरकार के निमंत्रण पर राज्य परिषद के प्रधानमंत्री ली क्विंग नौ और 10 सितंबर को नई दिल्ली में 18वें जी20 शिखर सम्मेलन में भाग लेंगे।

### अमेरिका में राष्ट्रपति चुनाव को लेकर बयानबाजी

## मुझे नहीं लगता ट्रंप होंगे प्रत्याशी: हेली

**एजेंसी** | वाशिंगटन

अमेरिकी राष्ट्रपति पद की उम्मीदवार और भारतीय अमेरिकी निक्की हेली ने कहा कि पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप 2024 में होने वाले राष्ट्रपति चुनावों के लिए पार्टी के उम्मीदवार नहीं होंगे। 'द वॉल स्ट्रीट' जर्नल द्वारा जारी हालिया सर्वे में यह खुलासा हुआ कि हेली (51) ट्रंप और रॉन डेसैंटिस के बाद प्रसिद्धी के मामले में तीसरे स्थान पर हैं। वहीं उनके सहयोगी भारतीय अमेरिकी उम्मीदवार विवेक रामास्वामी चौथे स्थान पर हैं।

हेली ने रविवार को एक साक्षात्कार में कहा, 'मुझे नहीं लगता कि पूर्व राष्ट्रपति ट्रंप उम्मीदवार बनने जा रहे हैं। मुझे लगता है कि इस बार मैं हूं, लेकिन मैं आपको बता दूं कि जो बाइडेन और कमला हैरिस जो भी कर रहे हैं उससे कहीं बेहतर कोई भी रिपब्लिकन नेता कर सकता है।' उन्होंने एक सवाल के जवाब में कहा, 'जब तक उन्हें (ट्रंप) दोषी करार नहीं दिया जाता तब तक वह बेगुनाह हैं, लेकिन आप यह कह रहे हैं कि अमेरिकी लोग समझदार नहीं हैं।

अमेरिकी लोग एक दोषी अपराधी के लिए वोट नहीं करेंगे। अमेरिकी लोग उस व्यक्ति को वोट करेंगे, जो आम चुनाव जीत सकता हो। मुझे अमेरिकी लोगों पर विश्वास है।'




### चीन में फिर गहराने लगा लैंगिक संकट

**बीजिंग।** चीन में महिलाओं की तुलना में पुरुष बहुत अधिक हैं। वर्ष 2022 में महिलाओं की संख्या 69 करोड़ थी, जबकि पुरुषों की संख्या 72.2 करोड़ थी। इसकी काफी हद तक वजह लिंग आधारित गर्भपात है, जिसका संबंध 'एक संतान नीति' से है। यह नीति 2015 में खत्म हो चुकी है। वैसे, इस नीति को कड़ाई से लागू किया गया था, लेकिन कई दंपती जुर्माना भरकर एक से अधिक बच्चे रखने में कामयाब रहे।

### अनाज निर्यात समझौता बहाल करने का प्रयास

## पुतिन और एर्दोआन की मुलाकात

**एजेंसी** | मास्को

यूक्रेन को अनाज निर्यात करने की अनुमति देने के मुद्दे पर रूस के राष्ट्रपति पुतिन और तुर्किये के राष्ट्रपति रजब तैयब एर्दोआन के बीच सोमवार को रूस के रिसॉर्ट शहर सोची में बातचीत शुरू हुई।

एर्दोआन इस बात के लिए रूस को मनाने का प्रयास कर रहे हैं कि यूक्रेन को काला सागर के तीन बंदरगाहों तक खाद्यान्न और अन्य सामग्री का निर्यात करने की अनुमति देने के समझौते को फिर से शुरू किया जाए। पुतिन ने जुलाई में समझौते को आगे बढ़ाने से मना कर दिया था।

एक साल पहले तुर्किये और संयुक्त राष्ट्र की मध्यस्थता में यह समझौता हुआ था। रूस ने शिकायत की थी कि खाद्य और उर्वरक के रूसी निर्यात में बाधाओं को दूर करने का वादा करने वाले समानांतर समझौते का सम्मान नहीं किया गया है। उसने कहा कि पोत परिवहन और बीमा पर प्रतिबंध के कारण उसके कृषि व्यापार में बाधा आई है, हालांकि उसने पिछले साल से रिकॉर्ड मात्रा में गेहूं की आपूर्ति की है।

रूस के राष्ट्रपति पुतिन ने सोमवार को कहा कि वे खाद्यान्न समझौता समेत अन्य मुद्दों पर बातचीत के लिए तैयार हैं।


### जबरदस्त टक्कर कैमरे में कैद

## बृहस्पति से टकराई कोई वस्तु... तूफान

**एजेंसी** | वॉशिंगटन

खगोलविदों ने पहली बार बृहस्पति से किसी खगोलीय पिंड को टकराते हुए रिकॉर्ड किया है। यह टक्कर परमाणु हमले से ज्यादा जबरदस्त थी कि बृहस्पति की सतह से भयानक तूफान को उठते देखा गया।

इसे दो शौकिया खगोल विज्ञानियों ने कैमरों में कैद किया। मीडिया रिपोर्टों के अनुसार यह प्रभाव सबसे पहले मंगलवार सुबह जापानी द्वीप ओकिनावा पर ओएसिस और पोन्स एस्ट्रोनॉमिकल ऑब्जर्वेशन प्रोजेक्ट से देखा गया। इस घटना को वैज्ञानिकों ने देखा था, लेकिन उसे रिकॉर्ड नहीं कर सके थे। तब सोशल मीडिया पर पोस्ट किया गया कि आपके डेटा में बृहस्पति पर कोई फ्लैश दिखे तो हमसे साझा करें।



### यह दुर्लभ घटना अचानक हो गई रिकॉर्ड

इस पोस्ट को देख मासा प्लैनेटरी लॉग नाम के एक गुमनाम अंतरिक्ष प्रेमी ने अपने अकाउंट से बृहस्पति पर एक अनजान पिंड के टक्कर का वीडियो शेयर किया। इस वीडियो में बृहस्पति के उत्तरी गोलार्ध पर एक अनजान वस्तु टकराते हुए नजर आई और उसके बाद चमकदार फ्लैश दिखाई दिया। इस अंतरिक्ष प्रेमी ने अमेरिका स्थित एक साइंस आउटलेट को बताया कि मैं बृहस्पति की गैसीय सतह की लगातार निगरानी करने के एक प्रोजेक्ट के हिस्से के रूप में इसका फिल्मांकन कर रहा था। उसमें यह फ्लैश दिखा।

### चीन के क्यूकी ने भी ली तस्वीर

चीन के झेंग्झौ विश्वविद्यालय में लियू क्यूकी ने भी ऐसा किया। उन्होंने चीनी वीडियो-होस्टिंग सोशल मीडिया साइट बी साइट पर फुटेज पोस्ट किया। बृहस्पति हमारे सौर मंडल का सबसे बड़ा ग्रह है। इसके ताकतवर गुरुत्वाकर्षण और सौर मंडल के बीच में स्थित होने के कारण आम तौर पर खगोलीय पिंडो की बमबारी होती रहती है। 2013 में एक अध्ययन में पाया गया कि बृहस्पति प्रति वर्ष 5 से 100 मीटर तक की बड़ी वस्तुएं इससे टकराती रहती हैं। यह पृथ्वी पर ऐसी वस्तुओं से टकराने की घटना से लगभग 10,000 गुना अधिक है।

सृष्टिविनायक एंटरटेनमेंट मीडिया प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक व प्रकाशक मिताली यादव द्वारा सच बेधड़क दैनिक हिन्दी अखबार, 34/16-ए, शिप्रा पथ, मानसरोवर, जयपुर-302020 (राजस्थान) से प्रकाशित एवं भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, शिवदासपुरा, रेलवे क्रॉसिंग टोंक रोड, जयपुर (राजस्थान) से मुद्रित।
**संपादक:** मनोज माथुर*, **फोन नं. :** 9664014179 (ऑफिस), **ई-मेल:** news@sachbedhadak.com, **RNI No. :** RAJHIN/2021/82557 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार।

दैनिक हिन्दी अख़बार

# सच बेधड़क

“सच बेधड़क” दैनिक हिन्दी अख़बार की प्रति PDF के माध्यम से मुफ़्त प्राप्त करने के लिए इस लिंक पर Click कीजिए

Telegram

https://rb.gy/3bkrnl